

डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

# झुग्गी झोपड़ी

प्रयागराज से प्रकाशित. हम बनेंगे आपकी आवाज हिन्दी दैनिक

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,मंगलवार.22 नवंबर,2022 वर्ष–07 / अंक–192 प्रष्ठ–08 / मूल्य–2 रूपये

## पीएम मोदी से पांच दिसंबर को मिल सकती हैं ममता बनर्जी इन मुद्दों पर हो सकती है चर्चा



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पांच दिसंबर को नई दिल्ली में मुख्यमंत्रियों की बैठक से इतर पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर सकती हैं। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि संभावित बैठक में ममता केंद्र पर राज्य का बकाया जारी करने का दबाव बना सकती हैं। इसके अलावा वह फरक्का बैराज और उसके आसपास हो रहे कटाव का मुद्दा भी उठा सकती हैं।

दरअसल प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी में मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई है, क्योंकि भारत 2023 में जी–20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इस बीच खबर है की पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पांच दिसंबर को नई दिल्ली में मुख्यमंत्रियों की बैठक से इतर प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करने की संभावना है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि बैठक में मुख्यमंत्री के बंगाल में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को लागू करने के लिए लंबित बकाया राशि के मुद्दे को भी उठाये जाने की उम्मीद है।

इस बात को लेकर चिंतित हैं ममता बनर्जी

पीएम मोदी को दिये एक ज्ञापन में बनर्जी ने बताया था कि 31 जुलाई, 2022 तक केंद्र सरकार से राज्य का बकाया लगभग 1,00,968.44 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य के मालदा, मुर्शिदाबाद और नदिया जिलों में गंगा नदी के तटों पर लगातार हो रहे कटाव पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया था कि वह संबंधित मंत्रालय को सभी हितधारकों को शामिल करते हुए एक विस्तृत अध्ययन करने और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एक एकीकृत योजना तैयार करने की सलाह दें।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की हुई मोतियाबिंद की सर्जरी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की रविवार को सेना अस्पताल (रेफरल एंड रिसर्च) में उनकी दाहिनी आंख की मोतियाबिंद की सर्जरी हुई। सर्जरी सफल रही और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। 64 वर्षीय मुर्मू की 16 अक्तूबर को सेना अस्पताल में उनकी बाईं आंख की मोतियाबिंद की सर्जरी हुई थी।

कर्नाटक रू मतदाताओं का डाटा चोरी की आशंका, जांच के आदेश जारी

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार मीणा ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के सदस्यों के स्वयं को बूथस्तरीय अधिकारी बताकर मतदाताओं की निजी जानकारी जुटाने की आशंका के चलते जांच के आदेश दिए गए हैं। कांग्रेस ने यहां मतदाताओं से जुड़े डाटा की चोरी का आरोप लगाया था।

## गुजरात चुनाव राहुल गांधी की पहली रैली

गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार में सभी राजनीतिक दलों ने एड़ी–चोटी का जोर लगाया हुआ है। इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राज्य में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित किया। गांधी ने कहा कि श्भारत जोड़ो यात्राश के दौरान किसानों, युवाओं और आदिवासियों से मिलने व उनकी समस्याओं को सुनने के बाद उन्हें उनका दर्द महसूस हुआ। सूरत के महुवा में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने आदिवासियों को लेकर कहा कि वे देश के पहले मालिक हैं। उन्होंने दावा किया किया कि भाजपा उनके अधिकारों को छीनने का काम कर रही है। गांधी ने कहा, वे आपको वनवासी कहते हैं। वे यह नहीं कहते कि आप पहले देश के मालिक हैं। इसका मतलब आप जंगल में रहते हैं। क्या आपको अंतर दिखाई देता है? इसका मतलब है कि वे नहीं चाहते कि आप शहरों में रहें, वे नहीं चाहते कि आपके बच्चे इंजीनियर, डॉक्टर बनें, विमान उड़ाना सीखें, अंग्रेजी बोलें। गांधी ने आगे कहा, वे चाहते हैं कि आप जंगल में ही रहें। लेकिन वे यहीं नहीं रुकते। इसके बाद वे आपसे जंगल छीनने लगते हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा तो फिर अगले पांच से दस वर्षों में सारे जंगल दो–तीन उद्योगपतियों के हाथ में होंगे और आपके पास रहने के लिए कोई जगह नहीं होगी। आपको शिक्षा, स्वास्थ्य और नौकरी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उन्हें किसानों, युवाओं और आदिवासी समुदाय के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका दर्द महसूस हुआ।

### संक्षिप्त सार

**राहुल गांधी का ठश्रच् पर हमला**

राहुल का भाजपा पर हमला कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी गुजरात विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए उतर आए हैं। राहुल गांधी ने सूरत में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। कहा कि आदिवासी भारत के पहले मालिक हैं, लेकिन भाजपा उन्हें वनवासी कहती है। आदिवासियों की जमीन भाजपा छीनकर दो–तीन बड़े उद्योगपतियों को दे देती है। ये लोग नहीं चाहते हैं कि आदिवासी भी शहरों में रहें। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार मिले। गहलोत का दावा– गुजरात में 125 से ज्यादा सीटें जीतेगी कांग्रेस राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुजरात चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है।

## पीएम मोदी का कांग्रेस पर पलटवार, बोले– मेरी कोई औकात नहीं, मैं तो बस सेवादार हूं



गुजरात विधानसभा चुनाव में बयानबाजी भी तेज हो गई है। कांग्रेस नेता मधुसूदन मिस्त्री के श्औकातश वाले बयान पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोरदार पलटवार किया है। पीएम मोदी ने गुजरात में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कहती है कि मोदी को औकात दिखा देंगे। यह अहंकार है कि मोदी को उसकी औकात दिखा देंगे। वे राजपरिवार से हैं, मैं आम परिवार से हूं, जनता का सेवक हूं, मेरी पहले से ही कोई औकात नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने मुझे क्या–क्या नहीं कहा। अरे! विकास के मुद्दे पर चर्चा करो न। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक जमाना था जब साइकिल नहीं बनती थी, आज गुजरात में विमान बनवा रहे हैं।

सुरेंद्रनगर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास की चर्चा होनी चाहिए कि नहीं? किसने कितना काम किया, यह चर्चा होनी चाहिए कि नहीं? पानी पहुंचा कि नहीं, बिजनी पहुंची कि नहीं, यह चर्चा होनी चाहिए कि नहीं? कांग्रेस को पता है कि बीजेपी का तो जबदस्त रिकॉर्ड है। कांग्रेस विकास के मुद्दे की चर्चा नहीं करती है, ये कहती है आ मोदी ने नी औकात बताबी देसू औकात.. (इस मोदी को औकात बता देंगे औकात. .) मोदी को उसकी औकात दिखा देंगे, अहंकार है ये भाइयों अहंकार.. मोदी को उसकी औकात दिखा देंगे, अरे आप तो राजपरिवार से हैं, मैं तो एक सामान्य परिवार की संतान हूं, मेरी कोई औकात नहीं थी, आपको मेरी औकात दिखाने की जरूरत नहीं है। अरे, मैं तो सेवक हूं सेवक, मैं तो सेवादार हूं,सेवक की, सेवादार की कहीं औकात होती है?

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' पर तंज कसते हुए कहा कि जिन लोगों को सत्ता से बेदखल कर दिया गया है, वे अब सत्ता में आने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। कुछ लोग गुजरात में निर्मित नमक खाकर भी गुजरात को गाली देते हैं। देश के कुल नमक उत्पादन का 80 प्रतिशत हिस्सा गुजरात में होता है। जिन लोगों को काफी समय पहले सत्ता से बेदखल कर दिया गया था, वे आज सत्ता में वापसी के लिए यात्रा निकाल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वे ऐसा कर सकते हैं, लेकिन वह ऐसे लोगों के साथ यात्रा कर रहे हैं जिन्होंने गुजरात में नर्मदा बांध परियोजना को 40 सालों तक रोके रखा। प्रधानमंत्री का इशारा नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता रही मेधा पाटकर की ओर था। पाटकर हाल ही में राहुल गांधी की अगुवाई में जारी भारत बचाओ यात्रा में शामिल हुई थीं।

आज तीन रैलियां

गुजरात चुनाव में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन रैलियां हैं। पीएम मोदी की पहली रैली सुरेंद्रनगर में सुबह 11 बजे हुई। इसके बाद उन्होंने दो बजे जंबूसर और शाम चार बजे नवसारी में चुनावी सभा की। पीएम मोदी ने पिछले विधानसभा चुनाव में गुजरात में 34 जनसभाएं की थीं। बताया जा रहा है कि इस बार उनकी 25 चुनावी सभाएं होंगी।

## मोदी की रैली के बाद बड़ा सवाल– क्या 'औकात' पर होगा चुनाव 2017 के मणिशंकर न बन जाएं मिस्त्री

गुजरात विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे–जैसे नजदीक आ रही है नेताओं की बयानबाजी भी तेज हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री के श्औकातश वाले बयान पर पलटवार किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा वे (कांग्रेस) राजपरिवार से हैं, मैं आम परिवार से हूं, जनता का सेवक हूं, मेरी पहले से ही कोई औकात नहीं है।

आइए समझते हैं कि आखिर क्या है पूरा मामला? कैसे गुजरात चुनाव में श्औकातश की एंट्री हुई? मधुसूदन मिस्त्री ने पीएम मोदी को लेकर क्या–क्या बोला और पीएम ने क्या पलटवार किया? इसके मायने क्या हैं?

पहले जाानिए श्औकातश शब्द की एंट्री कहां से हुई? 12 नवंबर को कांग्रेस ने गुजरात चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया था। इसमें एलान किया गया है कि अगर गुजरात में कांग्रेस की सरकार बनती है तो नरेंद्र मोदी स्टेडियम का नाम बदल दिया जाएगा। इसी को लेकर एक टीवी चौनल ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री ने सवाल किया। पूछा कि आखिर इस तरह का वादा क्यों किया गया? इसका जवाब देते हुए मिस्त्री ने प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करते हुए 'औकात' शब्द का जिक्र किया।

पीएम मोदी ने कैसे किया पलटवार?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एक रैली के दौरान मिस्त्री के श्औकातश वाले बयान पर पलटवार किया। पीएम मोदी ने कहा, श्कांग्रेस कहती है कि मोदी को औकात दिखा देंगे। यह अहंकार है कि मोदी को उसकी औकात दिखा देंगे। वे राजपरिवार से हैं, मैं आम परिवार से हूं, जनता का सेवक हूं, मेरी पहले से ही कोई औकात नहीं है। उन्होंने (कांग्रेस नेताओं ने) क्या–क्या नहीं कहा, नीच कहा, गंदी नाला का कीड़ा कहा, हमारी औकात नहीं है, अरे, विकास के मुद्दे पर चर्चा करो न। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक जमाना था जब साइकिल नहीं बनती थी, आज गुजरात में विमान बनवा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, श्विकास की चर्चा होनी चाहिए कि नहीं? किसने कितना काम किया, यह चर्चा होनी चाहिए कि नहीं? पानी पहुंचा कि नहीं, बिजली पहुंची कि नहीं, यह चर्चा होनी चाहिए कि नहीं? कांग्रेस को पता है कि बीजेपी का तो जबदस्त रिकॉर्ड है। कांग्रेस विकास के मुद्दे की चर्चा नहीं करती है, ये कहती है आ मोदी ने नी औकात बताबी देसू औकात.. (इस मोदी को औकात बता देंगे औकात. .) मोदी को उसकी औकात दिखा देंगे, अहंकार है ये भाइयों अहंकार.. मोदी को उसकी औकात दिखा देंगे, अरे मां–बाप.. आपको तो पता राजपरिवार से हैं, मैं तो एक सामान्य परिवार की संतान हूं, मेरी कोई औकात नहीं थी, आपको मेरी औकात दिखाने की जरूरत नहीं है। अरे, मैं तो सेवक हूं सेवक, मैं तो सेवादार हूं,सेवक की, सेवादार की कहीं औकात होती है?

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए आगे कहा, श्अरे आपने मुझे नीच कहा, नीची जाति का कहा, मौत का सौदागर कहा, गंदी नाली का कीड़ा कहा, आपको जो कहना था वो कहा, आपको हमारी औकात बताने की जरूरत है? हमारी कोई औकात नहीं थी। मेहरबनी करके विकास के मुद्दों की चर्चा करो। गुजरात को विकसित गुजरात बनाने के लिए आओ मैदान में। औकात बताकर खेल से न भागो भाई।

तो क्या अब श्औकातश के मुद्दे पर लड़ा जाएगा चुनाव?

इसे समझने के लिए हमने गुजरात के वरिष्ठ पत्रकार वीरांग भट्ट से बात की। उन्होंने कहा, श्मधुसूदन मिस्त्री का पीएम मोदी को लेकर दिया गया बयान करीब दस दिन पहले का है। तब भी इसके खिलाफ भाजपा के बड़े नेताओं ने आक्रोश व्यक्त किया था। हालांकि, इसके बावजूद ये चुनाव का मुद्दा नहीं बन पाया था। अब पीएम मोदी ने खुद मधुसूदन मिस्त्री को जवाब दिया है। इसी के साथ ये भी तय हो गया है कि अब ये एक बड़ा चुनावी मुद्दा बन जाएगा। भाजपा किसी भी हालत में इसे हाथ से जाने नहीं देगी। जैसा 2017 में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान के बाद हुआ था। 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने सर्जिकल स्ट्राइक का मुद्दा उठाया था। तब उन्होंने पीएम मोदी के लिए खून की दलाली शब्द का प्रयोग किया था। इसे भी भाजपा ने चुनाव में खूब भुनाया और इसका फायदा भी मिला।



## नार्को टेस्ट में ये दवा देते ही श्रद्धा की हत्या का राज खोलेगा आफताब जानें टेस्ट के बारे में

दिल्ली के श्रद्धा हत्याकांड में अगले दो दिन में आरोपी आफताब का नार्को टेस्ट हो सकता है। आफताब की पुलिस रिमांड खत्म होने वाली है, इसलिए बचे हुए समय में पुलिस कई और सबूत जुटाने की कोशिश में है। पुलिस को भरोसा है कि नार्को टेस्ट में आफताब कई राज खोल सकता है। ऐसे में सवाल है कि आखिर नार्को टेस्ट होता क्या है? इसकी प्रक्रिया क्या होती है? इसमें कौन सी दवा दी जाती है, जिससे कोई भी इंसान सच बोलने लगता है? आइए समझते हैं...पहले नार्को टेस्ट के बारे में जान लीजिए नार्को एक ग्रीक शब्द है। जिसका अर्थ है एनेस्थीसिया या टॉरपोर होता है। इसका उपयोग मेडिकल टर्म में किया जाता है, जो साइकोट्रोपिक दवाओं विशेष रूप से बार्बिटुरेट्स का उपयोग करता है। इसे ट्रुथ सीरम भी कहा जाता है। इसमें एक तरह की दवा दी जाती है, जिससे उसकी चौतन्यता कम होती जाती है। इसी दौरान उससे सवाल पूछा जाता है, जिसका बिना संकोच किए वह जवाब देता है। चूंकि इस दौरान वह कुछ और सोचने और समझने की हालत में नहीं होता है,

# सावधानियों के साथ डेंगू से बचाव जरूरी : डॉ. आशीष अनेजा



कुरुक्षेत्र । कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के हेल्थ सेंटर के एडमिनिस्ट्रेटर, गैपियो सदस्य, आर एस एस डी आई मेंबर एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष अनेजा के द्वारा डेंगू बुखार के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। डॉ. अनेजा के अनुसार बुखार चार डेंगू वायरस में से एक के कारण होता है। डेंगू बुखार एक ऐसी बीमारी है जो सबसे अधिक उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है, जिसमें मध्य और दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका, एशिया के कुछ हिस्से और प्रशांत द्वीप समूह शामिल हैं। डेंगू एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में तब तक संक्रामक नहीं होता है जब तक कि गर्भवती व्यक्ति से उसके बच्चे को न हो जाए। लक्षण आमतौर पर आपके पहले संक्रमण के साथ हल्के होते हैं, लेकिन अगर आपको क्म्छट के एक अलग संस्करण के साथ एक और संक्रमण होता है, तो गंभीर जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है। स्वयं वायरस और आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली की प्रतिक्रिया आपको बीमार महसूस करा सकती है। डेंगू एडीज मच्छरों द्वारा फैलता है, जो जिका और चिकनगुनिया जैसे वायरस भी ले जाते हैं। मच्छर किसी को डेंगू बुखार से काटते हैं और फिर किसी और को काटते हैं, जिससे वे संक्रमित हो जाते हैं।वायरस आपके रक्त के उन हिस्सों को नष्ट कर सकता है जो थक्के बनाते हैं और आपकी रक्त वाहिकाओं को संरचना प्रदान करते हैं। यह, कुछ रसायनों के साथ जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली बनाता है, आपके रक्त को आपके जहाजों से बाहर निकाल सकता है और आंतरिक रक्तस्राव का कारण बन सकता है। इससे गंभीर डेंगू के जानलेवा लक्षण सामने आते हैं। इस स्थिति में तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए ताकि समय पर इलाज के माध्यम से रोग की गंभीरता को कम किया जा सके। डेंगू के गंभीर लक्षणों में अचानक तेज बुखार, प्लेटलेट काउंट में भारी गिरावट, शरीर मुंह या नाक से खून आने की दिक्कत हो सकती है। इसके अलावा पेट में तेज दर्द और शौच के साथ भी खून आ सकता है। इन लक्षणों वाले रोगियों को तत्काल अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत होती है। डेंगू बुखार के लक्षण संक्रमित मच्छर के काटने के चार से सात दिनों के भीतर नजर आ सकते हैं। कुछ लोगों में इसके लक्षण काफी हल्के होते हैं, उन्हें फ्लू समस्याएं हो सकती हैं। वैसे तो हल्के मामले आसानी से घर पर ही ठीक हो जाते हैं, फिर भी इसको लेकर लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। हल्के डेंगू में 104–106 डिग्री फारेनहाइट तक बुखार के साथ, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, सुस्ती–थकान, खड़े होना या चलने में मुश्किल हो सकती है। कुछ रोगियों में बुखार बहुत हल्का भी हो सकता है। बुखार शुरू होने के कुछ दिनों में त्वचा पर रैशेज होने को डेंगू का संकेत माना जाता है। आगे डॉ. अनेजा ने बताया कि डेंगू बुखार का इलाज करने वाली कोई दवा नहीं है।इसके अतिरिक्त खूब पानी और तरल पदार्थ पीकर खुद को हाइड्रेट रखें। जितना हो सके आराम करें। केवल एसिटामिनोफेन से दर्द का इलाज करना ।डेंगू से खुद को बचाने के दो मुख्य तरीके हैं मच्छरों के काटने से बचना और टीकाकरण। डेंगू बुखार के जोखिम को कम करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप खुद को मच्छरों के काटने से बचाएं, ईपीए–पंजीकृत कीट विकर्षक का उपयोग करें जिसमें 20: से 30: डीईईटी या अन्य तत्व होते हैं जो एडीज मच्छरों को दूर रखने में मदद करने के लिए जाने जाते हैं। उजागर त्वचा को बाहर से ढक दें,। खड़े पानी (बाल्टी या बैरल, पक्षी स्नान, पुराने टायर जिनमें बारिश का पानी हो सकता है) को हटा दें और उन निचले स्थानों को भरें जहाँ पानी जमा हो सकता है। स्क्रीन में छेद की मरम्मत करके और यदि संभव हो तो खिड़कियां और दरवाजे बंद करके मच्छरों को अपने घर के बाहर रखें,जहां डेंगू होना आम है वहां मच्छरदानी का प्रयोग करें। यदि आप गर्भवती हैं, तो उन क्षेत्रों की यात्रा करने से बचें जहां संभव हो तो डेंगू आम है। डेंगू बुखार के इलाज का एकमात्र तरीका अपने लक्षणों को प्रबंधित करना है। अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता की सिफारिशों का पालन करें, जिसमें शामिल हो सकते हैं जैसे–खूब पानी और तरल पदार्थ पीकर खुद को हाइड्रेटेड रखें। जितना हो सके उतना आराम करना,केवल एसिटामिनोफे के साथ दर्द का इलाज करना, इबुप्रोफेन या एस्पिरिन न लें। यह जीवन–धमकाने वाले आंतरिक रक्तस्राव के आपके जोखिम को बढ़ा सकता है।

# भ्रष्टाचार के चलते मुंबई में हॉकर पॉलिसी को ब्रेक गलगली



मुंबई।

आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद बेंगलुरु जैसे शहरों में हॉकर पॉलिसी लागू की गई, लेकिन मुंबई में आठ साल बाद भी यह कागजों पर ही है. प्रशासन इसे लागू करने को तैयार नहीं है, क्योंकि राजनीतिक नेताओं, मनपा के अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और फेरीवालों के नेताओं का एक बड़ा रैकेट है। हॉकर नीति लागू होने से महानगरपालिका को करोड़ों का राजस्व मिलेगा और सड़कें साफ होंगी। यह हॉकर विरोधी संचालन के लिए आवश्यक जनशक्ति और मशीनरी को भी बचाएगी। आखिर हॉकर पॉलिसी लागू न करने के पीछे की मंशा क्या हैं? इसकी जांच करने की मांग निल गलगली ने की हैं.।


विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626


# थाना सिडकुल पुलिस ने पकड़ा सटोरिए को ! हरिद्वार




सेवा,,दिनांक 19 नवंबर की रात्री में मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रजी सिद्धीकी पुत्र सफी उल्ला निवासी ग्राम पुवायाँ थाना पुवायाँ जिला शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश हाल पता मौहल्ला पठानपुरा – रोशनाबाद थाना सिडकुल हरिद्वार को सट्टे की खाई बाडी करते हुए मय सट्टा पर्चा, पैन, गत्ता व नगदी 1570ध्रुपये के साथ मौहल्ला पठानपुरा जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके विरूद्ध थाना सिडकुल पर जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना सिडकुल पुलिस टीम में, कांस्टेबल जितेन्द्र , गजेन्द्र शामिल रहे !

# एसएसपी के सख्त निर्देश पर हुआ एक्शन शराबियो में हड़कंप! हरीद्वार!



(कार्यवाही से चौराहे के शराबी सन्नाटे में, मची अफरा–तफरी) (कप्तान साहब की स्पष्ट चेतावनी कि या तो सुधर जाओ या फिर नशा उतरेगा हवालात में ) दि ग्राम टुडे समाचार सेवा,,,कतिपय व्यक्तियों द्वारा सड़क किनारे सरेआम शराब पीकर नवाब बनने और लोकशांति भंग करने की मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में आज शाम एएसपी ज्वालापुर रेखा यादव के नेतृत्व में निकली पुलिस टीम सड़क किनारे शराब पीकर नौटंकी कर रहे नवाबजादों के लिए सदमा साबित हुई। पुलिस टीम ने अलग अलग स्थानों में सरेआम शराब पी रहे लोगो पर कार्यवाही करते हुए 24 लोगो को नशे की हालत में दबोचते हुए एक कार व दो दोपहिया वाहन सीज किए गए। साथ ही लोगों को अनुमती देकर शराब पिलाने पर हाइवे स्थित एक ढाबा मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# छत्रपति शिवाजी को लेकर शिवसेना ने राज्यपाल के बाद बीजेपी पर साधा निशाना

महाराष्ट्र के आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रति अपमानजनक वक्तव्य को लेकर शिवसेना ने राज्यपाल के बाद बीजेपी पर निशाना साधा है। शिवसेना प्रवक्ता आनंद दुबे ने बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी के उस बयान को लेकर निशाना साधा है जिसमें उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा मुगल सम्राट औरंगजेब से 5 बार माफी मांगने तथा पत्र लिखने की बात कही गई है। आनंद दुबे ने कहा कि यह आश्चर्यजनक बात है कि जिस छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम सुनकर औरंगजेब को रात भर नींद नहीं आती थी। जिस शिवाजी की वीर सेना ने मुगलों के नाक में दम कर दिया था, वह औरंगजेब से माफी मांगते? श्री दुबे ने कहा कि बीजेपी के ज्ञानवान प्रवक्ता को इतिहास की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि अच्छा होता कि प्रधानमंत्री जी दूसरों को ज्ञान बांटने की बजाय अपने प्रिय प्रवक्ता को इतिहास की पुस्तक पढ़ने की सलाह देते। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के अपमान को महाराष्ट्र का एक भी बच्चा बर्दाश्त नहीं करेगा। छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ महाराष्ट्र के ही नहीं अपितु सम्पूर्ण देशवासियों के लिए श्रद्धा और प्रेरणा के स्रोत हैं।



# आग वास्तव में लगी है या जान बूझ कर लगाई गई क्या है सच ?



सेवा,,आए दिन सिडकुल हरिद्वार स्थित कम्पनियों में आगजनी की घटनाएं तमाम सवालों को जन्म दे रहीं हैं जिसमें कि औद्योगिक जगत से जुड़े विभागीय अधिकारी भी मौन रहते हैं क्यों कि सबसे बड़ा सवाल है कि गर्मियों के मौसम में आग जनी की घटनाएं स्वाभाविक होती हैं लेकिन सर्दी के मौसम में यदि आगजनी हो तो संदेह पैदा करती हैं संदेह उचित भी है क्यों कि यदि मान लिया जाए कि गत्ते की वजह से आग लगी तो कावड़ियों के यहां गत्ते का काफी स्टोक होता है वहां आग क्यों नहीं लगती ,, सच तो यही है कि कंपनी द्वारा लिया गया लोन जिसकी अदायगी को लेकर यह चक्रव्यूह रचा जाता है और इस पूरी प्रक्रिया में संबंधित अधिकारियों का पूरा योगदान होता है जिससे हमारे देश की अर्थ व्यवस्था पर महत्वपूर्ण असर पड़ता है ,, प्राप्त जानकारी के अनुसार सिडकुल स्थित विक्टोरा कंपनी में अचानक आग लगने की खबर से क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल हो गया जिसकी सूचना कंपनी कर्मचारियों ने अग्निशमन विभाग को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल विभाग की टीम ने करीब आधे घण्टे में ही आग पर काबू पा लिया वही फायर स्टेशन ऑफीसर हरीश चंद्र मिश्रा ने बताया कंपनी के बाहर रखे स्क्रैप गत्ते में चिंगारी के चले जाने से आग लगी होगी! ऐसा माना जा रहा है आग लगने का अभी कारण स्पष्ट नहीं हो सका है जांच की जा रही है वही कंपनी में किसी के हताहत होने की खबर भी नहीं है गनीमत रही कि आग कंपनी परिसर में नहीं पहुंची इससे पहले ही आग पर काबू पा लिया गया नुकसान का आकलन अभी नही लगाया जा सका है आग लगने के कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा जांच की जा रही है।

# समस्या समाधान शिविर में पेंशन न मिलने की शिकायत करते रो पड़े दिव्यांग



कानपुर राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के समस्या समाधान शिविर शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में लम्बे समय से पेंशन न मिलने पर दिव्यांग शिकायत करते हुए रो पड़े सरकार ने 8000 दिव्यांगों को के.वाई.सी. ना होने की वजह से पेंशन रोक दी है तमाम दिव्यांगों की शिकायत है कि उनका आधार कार्ड मिसमैच है या नहीं बन पा रहा हैंद्य हांथों की उंगली या आंखों की पुतली न होने की वजह से उनका आधार कार्ड नहीं बन पा रहा हैद्य जिसकी वजह से उनकी के. वाई.सी. नहीं हो पा रही है शासन और प्रशासन इस तरह के दिव्यांगजनों की समस्याओं का समाधान करने में अक्षम साबित हो रहा हैद्य राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने बराबर इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी से लेकर के शासन व निदेशालय को ज्ञापन सौंपा है लेकिन आज तक समस्या का समाधान करने का प्रयास शासन और जिला प्रशासन ने नहीं किया हैराष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने चेतावनी दी है की सरकार सभी दिव्यांगजन की पेंशन तत्काल जारी करे वरना सड़क पर उतर कर आन्दोलन किया जायेगाद्य उन्होंने आरोप लगाया की शासन दिव्यांग पेंशनरों की संख्या कम करने की साजिश कर रहा हैद्य जिसे बिलकुल बरदास्त नहीं किया जायेगाआज इस सम्बन्ध में एक बैठक हुयी जिसमें राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार के अलावा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, गौरव कुमार, अरविन्द सिंह, बंगाली शर्मा, गुड्डी दीक्षित आदि शामिल रहे ।

# श्री सत्य साई मंदिर में 425वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 25 युवाओं ने किया रक्तदान



कुरुक्षेत्र. श्री सत्य साईं मंदिर सेक्टर 7 में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 25 युवाओं ने रक्तदान के माध्यम से श्री सत्य साईं जी को नमन किया. शिविर के संयोजक राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने 425वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर संचालन के साथ साथ उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया. उन्होंने उपस्थित गणमान्य और रक्तदाताओं को नशे रूपी समस्या से निपटने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख एवं अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में नशा तस्करों की कमर तोड़ने का कार्य निरंतर चलायमान है और साथ ही जागरूकता के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है. उन्होंने सभी लोगों से शपथ ग्रहण भी करवाई और हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रेरित किया. रक्त संग्रह के लिए लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल रक्त कोष प्रभारी डॉ. रमा की अध्यक्षता में रक्त संग्रह किया गया. इस अवसर पर श्री सत्य साई सेवा संगठन प्रधान रविन्द्र सिंगला, सचिव रमेश शर्मा, वाई पी शर्मा, डॉ सत्यकाम, राजेन्द्र सिंगला, रविन्द्र चौहान, योगेश चौहान, बलवान सिंह, आनंद कुमार, माया राम सैनी, ओपी ग्रोवर, किरण ग्रोवर, राज शर्मा, संगीता सेठी, एम आर गुलाटी सहित उनके गणमान्य उपस्थित रहे और रक्तदान शिविर के माध्यम से श्री सत्य साई जी को नमन किया. शिविर में इन्होने किया रक्तदान– सागर, सुभाष, अरुण रविंद्र, राजीव, रविंद्र, डॉ. सत्यकाम, अंचलेश, शिखर, महेंद्र, तेजभान, राय सिंह, रणधीर, सचिन, राम कुमार, सूरज, दीपक, राकेश, निखिल, राकेश, गुरमैल, सुरेंद्र, ऋषभ, सोनू और पार्थ.।

# क्षत्रिय संघ के आह्वान पर आज दिनांक २० - ११ - २०२२ दिन रविवार को बसंत महाविद्यालय तेंदुई सराय





सिंगरौर ( सेंगर) क्षत्रिय संघ के आह्वान पर आज दिनांक २० – ११ – २०२२ दिन रविवार को बसंत महाविद्यालय तेंदुई सराय , सरायइनायत, प्रयागराज में एक भव्य जनसभा का आयोजन किया गया द्य जिसमें क्षेत्र के तमाम गणमान्य एवं वरिष्ठ लोग उपस्थित हुए द्य सभा में वक्ताओं ने सिंगरौर ( सेंगर) क्षत्रियों के संस्कारों एवं रीति – रिवाज से लुप्त हो रही प्रथाओं को समाज के अंग के रूप में बनाए रखने पर जोर दिया द्य वक्ताओं ने हाईकोर्ट के उस जजमेंट का भी हवाला दिया, जिसमें सिंगरौर को क्षत्रिय कहा गया है द्य जनसभा के माध्यम से जनसमुदाय को स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज में फैल रही कुरीतियों से लोगों को सावधान करने पर बल दिया गया द्य सिंगरौर समाज के ऐसे स्वार्थी व लालची नेताओं द्वारा जो चुनाव के वक्त नाम के साथ पटेल लिखकर पूरे सिंगरौर क्षत्रिय समाज को नीचे गिराने का कार्य करते हैं ऐसे पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित लोगों से समाज को जागरूक करने का आह्वान किया गया।

जो लोग सिंगरौर (क्षत्रिय) होकर नाम के साथ पटेल या कुर्मी लिखकर पूरे समाज को बदनाम करने का कार्य करते हैं ऐसे ही लोगों को सही राह दिखाने के लिए कोर्ट में पी आई एल डालने का सर्व सम्मति निर्णय लिया गया द्य वक्ताओं ने सिंगरौर ( सेंगर) क्षत्रिय बंश के उद्गम स्थान श्रृंगवेरपुर का मनोरम वर्णन करते हुए अपने बंश के जनक श्रृषियों में श्रेष्ठ महाश्रृषि श्री श्रृंगीश्रृषि और माता सान्ता देवी का जीवन परिचय देते हुए उनके कृत्यों पर प्रकाश डाला द्य

वक्ताओं ने इस जनसभा के माध्यम से श्री श्रृंगवेरपुर स्थित सिंगरौर ( सेंगर ) के निकास स्थल सिंगरौर ग्राम को पुनः सिंगरौर परगना बनाये जाने की सरकार से मांग की द्य

सभा में सिंगरौर संघ के आदर्श पुरूष , क्षत्रिय कुल भूषण बीर शिरोमणि श्री राणाप्रताप सिंह जी के संक्षिप्त जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया द्य

सिंगरौर बंश के वीर पुरोधा सन् १८५७ की क्रांति के अग्रदूत स्व० राजा ठाकुर दरियाव सिंह सिंगरौर को याद करते हुए उनकेजीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया

जन सभा में वक्ताओं ने क्षत्रिय समाज के सभी वर्गों को एकजुट होने तथा क्षत्रिय समाज से बिलुप्त हो रही अपनी प्रथाओं को संजोये रखने पर बल दिया

सभा को उपाध्यक्ष श्री इन्द्र जीत सिंह सेंगर , संगठन मन्त्री श्री अनिल सिंह सेंगर, संघ प्रवक्ता श्री अक्षय प्रताप सिंह सेंगर, उपसचिव श्री हरिश्चन्द्र सिंह सिंगरौर, श्री अनीत सिंह सिंगरौर,व श्री दयाशंकर सिंह सिंगरौर आदि वक्ताओं ने सम्बोधित किया एवं संचालन श्री सौरभ सिंह सेंगर जी ने किया द्य संघ के प्रांतीय अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह सेंगर जी के समापन भाषण के साथ सभा का समापन किया गया ।

# भारत सरकार की योजना ''पीएम वाणी'' के अन्तर्गत पीएम वाणी जागरूकता कार्यशाला का किया गया आयोजन




भारत सरकार की योजना ''पीएम वाणी'' के अन्तर्गत पीएम वाणी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन सोमवार को जिला पंचायत सभागार में किया गया। कार्यशाला में छोटे उद्यमियोंध्गांव–शहर क्षेत्र के मोबाइल दुकानदारोंध्इस क्षेत्र में कार्य करने वाले इच्छुक लोगो के द्वारा प्रतिभाग किया गया। निदेशक टेक्नोलॉजी, डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकाम, गवर्नमेंट आफ इण्डिया, यूपी ईस्ट श्री राम चन्द्रा ने पीएम वाणी योजना के सम्बंध में उपस्थित लोगो को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीडीओ कैसे बना जा सकता है। कोई भी स्थानी निवासीध व्यवसायीध्पेशेवरध्ग्राम स्तरीय उद्यमी वाईफाई एसेस प्वाइंट लगाकर पीडीओ बन सकता है। पीडीओ बनने के लिए किसी पंजीकरण या लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है। इस योजना से गांव–गांव में इण्टरनेट की सुविधा से लोगो को जोड़ा जा सकता है। आज गांव–गांव में इण्टरनेट सेवा पहुंच चुकी है, अब इस योजना से हाईस्पीड ब्राड बैण्ड सेवा भी उपलब्ध होगी। इसके लिए आप लोगो को आगे आना होगा। इसी लिए यह कार्यशाला आयोजित की गयी है। उन्होंने प्रयागराज के प्रथम पब्लिक डेटा आफिसेज ( PDOs ) राधा कृष्ण कम्यूनिकेशन, जय मां वैष्णव केबल नेटवर्क, फ्रेण्डस सर्विसेज को बधाई देते हुए इस कार्य में सफलता के लिए शुभकामनांए दी। उन्होंने विस्तार से बताया कि किस तरह आप पीएम वाणी वाईफाई के माध्यम से अपना खुद का कार्य शुरू कर लोगो को इण्टरनेट की ब्राडबैण्ड सुविधा देकर कमाई की जा सकती है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, जिलापूर्ति अधिकारी श्री आनंद कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एच ए क्यू मेमोरियल पी जी कालेज मऊआइमा में वितरित किया गया स्मार्ट फोन

मऊआइमा । मऊ आइमा स्थित एच ए क्यू मेमोरियल पी जी कालेज में मुख्य अतिथि एमएलसी सुरेंद्र चौधरी ने स्मार्ट फोन का वितरण किया । उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निर्देश पर अध्यनरत छात्र छात्रों को तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 222 बच्चों को स्मार्ट फोन तथा 66 बच्चों को टेबलेट दिया गया। गीत शगुफ्ता और अलफिया बानों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया गाया। कॉलेज के संस्थापक शोएब अंसारी ने माल्यार्पण अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया । इस मौके पैर विद्यालय के प्राचार्य डी आर यादव ,उप प्राचार्य आई सी यादव ,अब्दुल रहमान नोयडल अधिकारी , अजफर शोएब अंसारी , शरीफ अंसारी ,तथा शिक्षक शशीकांत पांडेय ,अविनाश पांडेय ,डाक्ट विजयपाल ,हम्मादुर्रहमान ,सामिक अंसारी (असफ) ,प्रशाशनिक अधिकारी अविनाश पांडेय ,साहिद अंसारी ,मिठाई लाल ,शारदा प्रसाद , गंगापार भाजपा संयोजक आई टी सेल के निमिष खत्री ,शशिकांत पांडेय ,राम सुन्दर ,दिवाकर मिश्रा ,डाक्टर प्रकाश पटेल ,राजू शुक्ला ,जगदीश खत्री ,आदि बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

# संविधान दिवस पर संविधान मेला 26 को मेला के समापन पर कैंडिल मार्च व सांस्कृतिक कार्यक्रम

प्रयागराज 21 नवम्बर, संविधान के अनुच्छेद–17 अस्पृश्यता व छूआछूत मुक्त भारत देश बनाने, संविधान के अनुच्छेद–15 जातिविहीन भारत देश का निर्माण करने व संविधान के अनुच्छेद 39 (ख) जमीन और उद्योगों के राष्ट्रीयकरण के साथ साथ संविधान के अनुच्छेद–13 रूढ़िवादी प्रथा को समाप्त करते हुये वैज्ञानिक सोच पर आधारित समाज निर्माण करने हेतु एक ओर जहां संविधान दिवस (26 नवम्बर 1949) की 73 वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर हाईकोर्ट स्थित डा. अम्बेडकर मूर्ति स्थल पर दिनांक 26 नवम्बर 2022 को पूर्वाह्न 11 बजे से संविधान मेला व संविधान महोत्सव–2022 का आयोजन डा. अम्बेडकर क्लब, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा), देवपती मेमोरियल ट्रस्ट और प्रबुद्ध फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर संविधान दिवस के सम्मान में हाईकोर्ट स्थित डॉ. अम्बेडकर मूर्ति स्थल से पत्थर चर्च गिरजाघर, सुभाष चौराहा, पीडी टण्डन पार्क से अपने उद्गम स्थल तक शांतिपूर्ण ढंग से कैंडिल मार्च का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) के अध्यक्ष उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बताया कि पच्चासी प्रतिशत बहुजन समाज जब तक अपने अधिकारों का उपयोग संगठित होकर सत्ता हासिल करने के लिए नहीं करेगा तब तक अप्रत्यक्ष रूप से अंधविश्वास, पाखण्ड और कुरीतियों के मकड़जाल रूपी गुलामी की व्यवस्था से बाहर नहीं निकल पायेगा। इसलिए बहुजन समाज को अंधविश्वास, पाखण्ड और कुरीतियो से मुक्त कराने और सत्ता प्राप्ति के लिए संघर्ष करना होगा और इस हेतु संविधान मेला में परिवर्तनकारी नाटक बेटी, नशामुक्ति, पाखण्ड का मंचन भी किया जाएगा।

# काशी तमिल संगमम टीम के सदस्यों के प्रयागराज आगमन पर उनका भव्य रूप से किया गया स्वागत

'काशी तमिल संगमम'' कार्यक्रम के प्रथम जत्थे (टीम) के सदस्यों का सोमवार को जनपद प्रयागराज के आगमन पर टीम के सदस्यों का पुष्पवर्षा, वैदिक मंत्रोच्चार एवं मां तमिल की वंदना के साथ भव्य रूप से स्वागत किया गया। संगम क्षेत्र में पहुंचने पर मा0 सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, मा0 विधायक फाफामऊ श्री गुरू प्रसाद मौर्या, जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पाण्डेय, भाजपा के महानगर अध्यक्ष श्री गणेश केसरवानी, गंगापार के भाजपा अध्यक्ष श्री अश्विनी कुमार दूबे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा टीम के सदस्यों का भव्य रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर काशी तमिल संगमम पर्यटकों के स्वागत में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गीत प्रस्तुत किए गए। काशी तमिल संगमम टीम के सदस्यों को सुसज्जित नावों के द्वारा वीआईपी घाट से संगम ले जाकर मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के संगम का अवलोकन कराया गया तथा तीर्थराज प्रयागराज के महत्व के बारे में बताया गया। संगम क्षेत्र के अद्भुत एवं मनोहारी दृश्य देखकर पर्यटकगण मंत्रमुग्ध हो गये। पर्यटकगणों के द्वारा संगम क्षेत्र में वीआईपी घाट पर बनाये गये सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी लिया गया तथा सैण्डआर्ट का अवलोकन किया गया। मा0 सांसद श्रीमती केशरी देवी पटेल, जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पाण्डेय के द्वारा टीम के सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। संगम क्षेत्र कार्यक्रम के पश्चात काशी तमिल संगमम टीम के सदस्यगणों ने लेटे हनुमान जी का दर्शन एवं पूजन किए। इसके उपरांत टीम के सदस्यों ने श्री आदि शंकर विमान मंडपम मंदिर जाकर दर्शन किए। तत्पश्चात टीम के सदस्य चन्द्रशेखर आजाद पार्क एवं स्वामी नारायण मंदिर भी गये। इस अवसर पर एडीएम नजूल, सिटी मजिस्ट्रेट श्री सत्यप्रिय सिंह, जिला विकास अधिकारी श्री भोलानाथ कनौजिया, पीडी श्री ए0के0 मौर्या सहित अन्य अधिकारीगण तथा जनप्रतिनिधिगणों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित रोजगार मेले में 247 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा दिनांक 21.11.2022 को वृहद रोजगार मेला का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी कैम्पस में किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियां द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपरोक्त रोजगार मेले में बड़ी संख्या में बेरोजगार अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में आये हुए अभ्यर्थियों की प्री प्लेसमेंट काउंसिलिंग का भी आयोजन किया गया। रोजगार मेले में सहायक निदेशक सेवायोजन श्री रत्नाकर अस्थाना, प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 श्री एस0के0 श्रीवास्तव, जिला सेवायोजन अधिकारी श्री चन्द्र कान्त सिंह एवं अन्य समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस वृहद रोजगार मेले में पीपल ट्री आनलाइन द्वारा 58, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 द्वारा 65, नवभारत फर्टीलाइजर द्वारा 10, सिवाशक्ति बॉयोटेक्नालाजी लि0 द्वारा 26, गोल्डेन फार्मा आर्गेनिक एग्रीकल्चर प्रा0लि0 द्वारा 21, डस्की स्टलेन कनसलटेंसी सर्विस प्रा0लि0 द्वारा 47 एवं कैरियर ब्रीज स्किल साल्यूशन द्वारा 20 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा कुल 247 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में 524 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# पतंजलि ऋषिकुल स्कूल तेलियारगंज प्रयागराज के प्रधानाचार्य श्री नित्यानंद सिंह जी की माता जी की तेरहवी मे,जेजे न्यूज के सम्पादक श्री संजय यादव



# काशी तमिल संगमम का आयोजन राष्ट्र को जोड़ेगा (केसरी देवी पटेल)

21 नवंबर प्रयागराज, काशी तमिल संगम कार्यक्रम के अंतर्गत काशी से प्रयागराज पधारे तमिलनाडु के छात्र समूहों के पर्यटकों का भाजपाइयों ने भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में संगम घाट पर पुष्प वर्षा करते हुए उनका अभिनंदन किया इस अवसर पर संगम घाट में जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित काशी तमिल संगमम स्वागत अभिनंदन के कार्यक्रम में भरतनाट्यम का नृत्य, स्वास्तिवाचन का मंत्र जपते हुए तमिलनाडु से आए सभी डेलिगेट्स का भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात प्रख्यात कलाकारों के द्वारा शिव श्लोक, तमिल श्लोक एवं सांस्कृतिक नृत्य गायन का कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई

इस अवसर पर सांसद केसरी देवी पटेल ने कहा कि काशी तमिल संगमम का यह आयोजन दक्षिण एवं उत्तर भारत कि संस्कृतियों का अद्भुत संगम है जो उत्तर और दक्षिण भारत की एकता को और मजबूत करेगा और राष्ट्र को जोड़ेगा

इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने आए हुए सभी पर्यटकों का स्वागत करते हुए कहा कि विविधता में भी एकता भारत की विशेषता को और मजबूत करने में यह आयोजन सहायक सिद्ध होगा और दक्षिण और उत्तर भारत के भारतवासियों के मधुर संबंध को और मजबूत करेगा और आगे कहा कि जातिवाद ,परिवारवाद, क्षेत्रवाद अलगाववाद की राजनीति करने वालो ने अपनी राजनीतिक मंशा को पूर्ति करने के लिए राष्ट्र और समाज को तोड़ने का काम किया है उनके लिए यह कार्यक्रम मुंहतोड़ जवाब देने का कार्य करेगा और आगे कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए कार्य कर रहे हैंऔर देश के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है इस अवसर पर विधायक गुरु प्रसाद मौर्य जिलाधिकारी संजय खत्री, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे, जिला अध्यक्ष गंगा पार अश्वनी दुबे ,पीडीए उपाध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान ने तमिलनाडु के छात्र समूहों की मुखिया को एवं कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट किया ,कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात संचालिका आभा मधुर श्रीवास्तव ने तमिल भाषा एवं हिंदी भाषा के माध्यम से आए हुए सभी लोगों का स्वागत अभिनंदन किया

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि तत्पश्चात सभी पांडुचेरी से आए तमिल स्टूडेंट डेलिगेट्स ने गंगा स्नान किया और गंगा स्नान करते हुए जय जय गंगा माई ,जय जय भारत माई, जय जय भोलेनाथ का उद्घोष लगाया तत्पश्चात बड़े हनुमान जी का दर्शन पूजन किया और महंत बलवीर जी से आशीर्वाद प्राप्त किया और चंद्रशेखर आजाद पार्क पहुंचकर अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जी को श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात स्वामीनाथ मंदिर पहुंचकर दर्शन किया और भगवान श्री राम जी की जन्म भूमि अयोध्या के लिए प्रस्थान किए इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने निर्धारित सभी कार्यक्रम स्थलों पर आने वाले डेलिगेट्स का वडक्कम कहते हुए जमकर स्वागत अभिनंदन किया

स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से विधायक गुरु प्रसाद मौर्य विधान परिषद सदस्य निर्मला पासवान, महापौर अभिलाषा गुप्ता, राजेश केसरवानी, शिखा रस्तोगी, रोहित पप्पू पांडे, राजन शुक्ला, राजू पाठक ,गिरजेश मिश्रा, प्रमोद मोदी, पदुम जायसवाल,अजय अग्रहरि,विजय श्रीवास्तव ,दीनानाथ कुशवाहा, ज्ञान बाबू केसरवानी, गया प्रसाद निषाद, प्यारेलाल जायसवाल आशीष जायसवाल, सत्या जयसवाल किशन चंद्र जायसवाल, श्याम प्रकाश पांडे, एवं सैकड़ों भाजपाइयों ने अक्षत टीका काढ़ते हुए ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया

# कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भाजपा की सरकार बनी सुख–दुख में सम्मिलित होना भी मेरा कर्तव्य है– सांसद रीता बहुगुणा जोशी

प्रयागराज। कार्यकर्ता के सुख–दुख में सम्मिलित होना एक जनप्रतिनिधि का पहला कर्तव्य होता है। कार्यकर्ता के अथक परिश्रम से जनप्रतिनिधि चुने जाते है और इन्हीं कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भाजपा की सरकार बन जनहित में एतिहासिक कार्य कर विकास की गाथा लिख रही है उक्त बातें प्रयागराज की सांसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी ने सोमवार को हिचकी फैमिली रेस्टोरेंट कपारी मोड़ शंकरगढ मे भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिला आईटी संयोजक शतीश विश्वकर्मा नंदनी के प्रथम वैवाहिक वर्षगांठ के कार्यक्रम में कही। सांसद डॉं रीता बहुगुणा जोशी जिलाध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती एवं कार्यकर्ताओं के मौजूदगी में शतीश विश्वकर्मा नन्दनी ने प्रथम वैवाहिक वर्षगांठ पर एक दूसरे को माला पहनाकर केक काटा। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती आदि ने शतीश नंदनी को आशीर्वाद व उपहार भेंटकर दम्पत्ति के सुखमय खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने कहा शतीश जैसे कार्यकर्ता ने संगठन के कार्यो और अपने व्यवहार से सभी के दिल में जो जगह बनाई है वह विरले ही होते हैं। ऐसे कार्यकर्ता पर पूरे संगठन को गर्व है। इस अवसर पर पिता सूर्यकांत विश्वकर्मा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, राजेश्वरी तिवारी, जिला मंत्री शिवराम सिंह परिहार, कमलेश त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी,मंडल अध्यक्ष शंकरगढ कुलदीप सिंह पटेल,मंडल अध्यक्ष जसरा जगत शुक्ला, संत प्रसाद पांडेय,अशोक पांडेय,आशीष मिश्रा,रोहित केसरवानी, सुधा गुप्ता, सुजीत केसरवानी, कुशल जैन,मसुरियादीन वर्मा, उमा वर्मा,थानाध्यक्ष शंकरगढ़ मनोज सिंह, राजमणि पासवान, सरदार पतिविंदर सिंह,श्याम मिश्रा आदि के साथ भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी, क्षेत्रीय जनों ने पहुंच कर अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। वही शतीश विश्वकर्मा ने सांसद जिलाध्यक्ष सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा आज मुझे अहसास हुआ की भाजपा कार्यकर्ता होना गर्व की बात है। जिस प्रकार छोटे से कार्यक्रम में आप सभी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ वह यादगार रहेगा।



# सम्पादकीय

## आज की नारी

मैं आज की नारी हूं रावण तू मुझको क्या उठाएगा मैं तुझको उठाकर ले आऊंगी तेरी लंका में मैं खुद आग लगाऊंगी समझना ना मुझे मैं सत्यवान सावित्री नहीं जो पति के शीश को लेकर सती हो जाऊंगी मैं वह सावित्री हूं जो पति का शीष कटवादूगी जग में नाम कर जाऊंगी मैं सीता सती नहीं कलयुग की नारी हूं सब पर भारी हूं

मैं वह सूर्पनखा हूं नाक तेरी काट के ले जाऊंगी सर उठा कर तू ना बात कर सकेगा किसी से मैं कलयुग की कलयुगी नारी हूं बाज जैसे मेरी चाल है मेरे चाल का ही तो इस जग में ध्माल है मैंने विभीषण कुंभकरण को पाला है घर का भेदी मेरे घर का रखवाला है मैं किसी पेड़ के नीचे वाटिका में नहीं तेरे सर पर बैठूंगी तेरे घमंड की अहम के नागनथाउनगी आज का राम मुझको छुड़ाने नहीं आएगा दूसरी सीता ढूंढने चला जाएगा तेरा भाई लक्ष्मण नहीं दुर्योधन दुशासन है जो लाज अपने घर की बचाएगा मेरा वस्त्र क्या कोई खींचेगा मैं खुद छोटे वस्त्र में रहती हूं खुश होती है दुनिया मेरे अंग प्रदर्शन को देखकर मेरे संग वह भी ठुमके लगाती है वाही वाही में अपनी जान लुटाती है मैं कलयुग की नारी मुझ में सतगुरु रजोगुण तमोगुण सब समाहित है आज का साधु विश्वामित्र नहीं जिसको मेनका रिझायेगी आज के साधु ऐसे साधु हैं जो मेनका को रिझाते हैं अपने पाखंड झूठे दिखावे पर दुनिया को चुतिया बनाते हैं साधु के वेश में साधु ने कुछ किया ऐसा काम संत साधु को कर दिया बदनाम

मैं सतयुगी की शबरी नहीं

जो राम का करेगी इंतजार

खोल रखी हूं मैं रावण के लिए अपना द्वार

नारी के सम्मान का भार नारी उठाती है नारी ही नारी को गिराती है जिन् नारीयो ने नारी को देवी बनाया था

अपने सत्य कर्मों से जग को झुकाया था आज की नारी

हाय सब पर भारी झुकती नहीं झुकाती दुनिया सारी

यह कलयुग की नारी

करती है पति के लिए उपवास पति के कुछ कहने से देती है पति को गाली चार

मेकअप है इसकी खूबसूरती का आधार रुपए खर्च करती है मेकअप में हजार

निर्धन कभी न करना शादी का ख्याल शादी करके तू हो जाएगा फटे हाल गिरगिट की तरह रंग बदल जाएगी कब तेरी चाल पर चाल चल जाएगी तू चल ना ना तेरी चाल नहीं तो कर देगी बवाल मिट जाएगा तेरा अस्तित्व और तू हो जाएगा कंगाल यह कलयुग की नारी है जितनी ऊपर इतनी नीची इनकी सवारी है सोच समझकर इन नारियों पर करना तू एतबार

सीधे कर देगी तुझ पर ऐसा वार मुफ्त में हो जाएगा बेकार यह कलयुग की नारी है इनके विपरीत ना रखना ख्याल खुद को रखना संभाल इन पर कभी करना अत्याचार जीना है कलयुग में तो इनसे करना बहुत प्यार

कमला सिंह छत्तीसगढ़।

## अनुशासनहीनता-बच्चों को सिखायें संस्कृति

भारतीय समाज में आने वाली पीढ़ियां ना जाने किस और जा रही है और आने वाला समय ना जाने किस मोड़ पर बच्चों को ले जाएगा। कई बार ऐसा होता है यदि बच्चे पढ़ाई लिखाई में कमजोर है और उनके रिपोर्ट कार्ड में अंक कम आते हैं तो माता–पिता गुस्से में अपने बच्चें को पीट देते हैं, जिसकी वजह से बच्चे कुंठा के कारण उद्दंड हो जाते हैं। यदि आप माता–पिता उसे प्रेम से सही गलत का फर्क बताएं तो बच्चे समझेंगे, यदि उनकी पिटाई कर दी जाएगी तो बच्चा अत्यधिक दबाव में आ जाएगा। आजकल काफी बच्चें मोबाइल पर आने वाली रील्स के पीछे भाग रहे हैं उस में आने वाले अश्लील चित्र देख बच्चें गलत हरकतें सीख रहे हैं। आज जो समाज में हर जगह गलत हो रहा है उसका एक कारण यही है कि बच्चे अनुशासन में नहीं रहते हैं और यह बड़े होकर गलत कार्य करते हैं इन पर रोक लगनी चाहिए।

यदि बच्चों से कुछ धार्मिक चीजों में किसी पात्र के नाम पूछे जाए तो वह नहीं बता पाते हैं, उन्हें किसी प्रकार की वेदों का ज्ञान नहीं होता है। ना ही यह बच्चें अपनी गलतियों को मानने को तैयार है, जिसकी वजह से समाज में फैलती हुई बच्चों की अनुशासनहीनता उन्हें गलत राह पकड़ने पर मजबूर कर रही है। अक्सर बच्चे हिंसात्मक चीजों को सामने होता हुआ देखते हैं जिसका असर उनकी मानसिकता पर पड़ता है और वह सबसे अलग–थलग रहने लगता है और उसके अंदर जन्म लेती है गलत भावना। जब बड़े बच्चों पर हाथ उठाते हैं तो वह बच्चें भी वही चीज सीख लेते हैं और जब बच्चे बड़े हो जाते हैं तो यह अपने भाई–बहनों पर भी हाथ उठाते हैं जिसका माता–पिता माता पिता विरोध करें तो यह माता–पिता और बीवी बच्चे सुनते नहीं है। बच्चों को परिवार के नियम सिखाए जाने चाहिए, उन्हें मारने की जगह बातों से समझाएं। बच्चों की पढ़ाई लिखाई का स्तर ऐसा बनाएं कि बच्चे हर छोटी से छोटी चीजों का ज्ञान प्राप्त कर सकें। यदि बच्चा अनुशासित रहेगा तो गलतियों की नौबत नहीं आएगी, ना ही माता–पिता को हाथ उठाना पड़ेगा। यदि बच्चा देर तक मोबाइल में रहता है तो उसे रोक देना चाहिए, देर रात तक जो बच्चें बाहर घूमते हैं उनका समय माता–पिता को निश्चित कर देना चाहिए। बहुत छोटी उम्र के बच्चों को नमस्कार कहना सिखा देना चाहिए आदर भाव की भावना बच्चे के मन में होनी चाहिए। बात–बात पर गलती करने वाले बच्चें अक्सर माता–पिता के क्रोध का शिकार होते हैं। ऐसे में वह अपने माता–पिता को दुश्मन समझ बैठते हैं, उन्हें लगता है कि हमारे माता–पिता को कोई फर्क नहीं पड़ता है हमारी तकलीफों से और फिर वह अपने माता–पिता को पलट कर जवाब देना सीख जाते हैं और किसी के सामने भी उनका अपमान करने से नहीं चूकते हैं। भावनात्मक रूप से आहत बच्चे ऐसा जरूर से करते हैं इससे माता–पिता का बच्चों के साथ रिश्ता कमजोर हो जाता हैं। रिश्तों की कमजोर होती डोर बच्चों के बौद्धिक विकास को प्रभावित करती है। बच्चों के मानसिक विकास के लिए और उनको शिक्षित करने के लिए परिवार के कायदे कानून अवश्य सिखाएं। बच्चों की प्रतिक्रिया और उसकी किसी बात पर रुचि ना होने पर उन्हें समझाने का प्रयास करें। अगर बच्चें से कोई गलती हो जाए तो उसे नजरअंदाज ना करें उन्हें आघात देने वाली सजा न दे, उन्हें गलती होने पर एहसास कराएं इसके लिए आप बच्चों से बात करना कम कर सकते हैं और बच्चे से ध्यान थोड़ी देर के लिए हटा सकते हैं ताकि बच्चे को यह लगे जो उसने किया है वह गलत कार्य किया है।

## तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा



आओ मन को सकारात्मक सोच में ढालें

वर्तमान आधुनिक प्रौद्योगिकी डिजिटल युग में अंधविश्वासों गलतफहमियां से दूर, सकारात्मक सोच रखना सफलता की कुंजी है जीवन में हम जैसा सोचते हैं, वैसा हमारा मन हो जाता है,जो सशक्त और शक्तिशाली ऊर्जा का रूप है, इसमें विश्वास आशा और सुंदर विचारों को रखें – एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया – वैश्विक स्तरपर पूरी दुनिया में भारत मान्यताओं कहावतों, पुराणों पंक्तियों, धार्मिक गाथाओं बलि रीति रिवाजों अंकगणित के अंकों सहित अनेक सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पर आदि अनादि काल से चलता आ रहा है। पौराणिक काल से ही भारत में यह प्रथाएं चलती आ रही है। परंतु हम कुछ दशकों से देख रहे हैं कि, अनेक कुप्रथाओं और नकारात्मक सोच वाली कुछ गतिविधियों पर शासकीय स्तरपर कानून बनाकर, या कुछ प्रथाओं को सामाजिक व्यक्तिगत या घरेलू स्तरपर बंद करने की कोशिशें की गई है। परंतु अभी भी कुछ कुप्रथाओं या विपरीत नकारात्मक सोच शुरू है जिन्हें शासकीय या सामाजिक स्तरपर बंद नहीं किया जासकता। केवल जनता जनार्दन द्वारा जन जागरण अभियान चलाकर ही बंद किया जा सकता है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण कहावत 3 और 13 के आंकड़े की है, जिसे अशुभ माना जाता है हालांकि इन आंकड़ों के कई सफलताओं की गाथाओं में से सबसे अच्छा उदाहरण हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन में 3 और 13 का महत्व है। उनकी राजनीत सफलताओं में 13 मई 1996 को पहली बार पीएम की शपथ लिए, 13 दिन बाद सरकार गिरी, दोबारा 13 महीने बाद पीएम बने, तीसरी बार पीएम बने तो 13 दिनों की साझा सरकार थी। 13 अप्रैल 1999 को शपथ ली तो पूरे 5 साल चली। 2004 के चुनाव में 13 अप्रैल को ही नामांकन भरा, इस प्रकार 13 का आंकड़ा उनके जीवन में साए की तरह चलता रहा। इन आंकड़ों के अनेक सफलताओं के भावों को देखा जा सकता है। इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि आओ मन को सकारात्मक सोच नहीं ढालें।

साथियों बात अगर हम तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा वाली कहावत की करें तो, वर्तमान आधुनिक प्रौद्योगिकी डिजिटल युग में अंधविश्वासों गलतफहमियां से दूर सकारात्मक सोच रखना सफलता की कुंजी है। हम 3 या 13 के आंकड़े से डरते हैं या उससे दूर भागने की कोशिश करते हैं, अशुभ मानते हैं परंतु हम अगर तीन के सकारात्मक दृष्टिकोण और अपने मन को सकारात्मक सोच में ढालें तो सफलता की गाथाएं हमारे जीवन से जुड़ जाएगी।

साथियों बात अगर हम 3 पर सकारात्मक सोचकी करें तोइसके पीछे की सच्चाई यह है कि कुछ लोग हमको अंधविश्वास में विश्वास दिलाना चाहते हैं जबकि ऐसा कुछ होता ही नहीं कोई संख्या किसी काम को निध्ारित नहीं करती ना ही उसके भविष्य को, अगर हमको लगता है कि 3 लोग किसी काम को मिलकर कर रहे हैं तो वह काम गड़बड़ हो जाएगा तो यह हमारी गलतफहमी है, इसे दूर कर अंधविश्वासों से दूर रहें और सकारात्मक सोच वाले कुछ उदाहरणों को देखें। अखिल सृष्टि के देवता, तीनों देव ब्रह्मा, विष्णु और महेश की संयुक्ध्त मूर्ति अधिकतर तस्ध्वीरों में मिलती है। लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती भी तीन हैं ।शंकर जी भोले बाबा का तिलक तीन रेखाओं में और त्रिशूल भी तीन शूलों से बना होता है। जब भी हम मंदिर में जाते हैं, तो तीन परिक्रमा के लिए ही कहा जाता है। पूजा के बाद आरती भी तीन बार लेकर भक्ध्तजन प्रफुल्लित हो जाते हैं।पूजन करते वक्ध्त मुख शुद्धि के लिए तीन बार आचमन किया जाता है और तीन ईष्ध्टदेव, कुलदेव और स्ध्थानदेव का ध्ध्यान किया जाता है। हमारी उंगलियों की तरफ ध्ध्यान से देखें तो प्रत्ध्येक उंगली के पोर में तीन रेखाएं होती हैं। खेल प्रतियोगिता में भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को ही घोषित किया जाता है। जल को भी तीन भागों में भी बांटा जाता है ठोस, द्रव और गैस। समय को भी तीन कालों में बांटा गयाहै–वर्तमानकाल भूतकाल औरभविष्ध्यकाल। सिगनल भी तीन होते हैं, लाल, पीला और हरा। घड़ी की सुईंया भी तीन होती हैं। हम गौर करें कि हम गाड़ी से सफर कर रहे होते हैं, वहां भी तीन स्ध्लीपर बर्थ होती हैं–लोअर, मिडल औरअपर। जब दौड़ शुरू की जाती है तो उसका प्रारम्ध्भ भी तीन गिन्ध्ने के बाद शुरू होता है। हमारे देश में या और अन्य देशों में भी सेनाओं को तीन भागों में बांटा गया है जल सेना, थल सेना और वायु सेना। नदियों का संगम भी तीन नदियों से ही होता है । त्रिदेव का स्मरण करके अपने ईष्ध्टदेव की पूजा करते समय तीन अगरबत्ती जलाने को शुभ माना जाता है। मौसम भी तीन होते हैं–सर्दी, गर्मी और बरसात । आज भी हम स्नेह मिलन तीन बार करते हैं। पूरे विश्व में त्रिगुनात्मक शक्ति सर्वोपरी मानी जाती है। मानव जीवन में भी मुख्ध्य तीन अवस्थायें होती हैं बाल्यकाल, यौवन अवस्था और वृद्धावस्था।

साथियों तीन का प्रभाव सकारात्मक व नकारात्मक दोनों ही दघ्ष्टि से हमारे जीवन पर प्रभाव डालता है। इसलिये हमें कभी भी नकारात्मक सोच नहीं रखनी चाहिये क्योंकि हम जैसा सोचते हैं हमारे जीवन में वैसा ही होता है । हमारा मन सबसे सशक्त व शक्तिशाली ऊर्जा का रूप है, इसमें विश्वास, आशा व सुंदर विचारों को रखना चाहिये।

साथियों बात अगर हम 3 पर नकारात्मक सोचकी करें तो शंकर भगवान को विनाशकारी कहा जाता है क्योंकि उनके तीन नेत्र हैं, जब किसी व्यक्ति को गलत काम करने पर डांटा जाता है तो उसे थर्ड क्लास कहा जाता है। मुस्लिम धर्म में तीन बार तलाक–तलाक–तलाक बोलने पर तलाक हो जाता है, जिसपर अभी कानून बन गया है।पुलिस थर्ड डिग्री के आधार पर अपराधी से अपराध स्वीकार करवाती है जो अत्याधिक पीड़ादायक है। शरीर में स्वास्थ्य बिगडने की सबसे बड़ी समस्या वात, पित्त और कफ मानी जाती है । किसी भी घर में गणेश जी की तीन मूर्तियां रखना शुभ नहीं माना जाता है । तृतीय श्रेणी की नौकरी को अच्छा नहीं माना जाता है इसे सम्मानित दघ्ष्टि से नहीं देखा जाता है। यहां लोग तीन तिगड़ा काम बिगाड़ा वाली सोच का संज्ञान लेते हैं जो एक नकारात्मक सोच है इसे बदलकर सकारात्मक सकारात्मक सोच में लाना चाहिए। साथियों एक से दस तक के अंको में तीन अंक खास है हमारे जीवन में सम और विषम अंक दोनो ही काफी महत्ध्व रखते हैं, कभी–कभी तीन अंक को लेकर सकारात्ध्मक और नकारात्ध्मक सोच पर अच्ध्छी खासी बहस हो जाती है। जैसे तीन सदस्ध्यों को एक साथ घर से शुभ्ध काम के लिए नहीं निकलना चाहिए। देखा जाए तो तीन अंक को काफी शुभ माना गया है। पूजन के बाद हम आचमन करते हैं, तो पघंडित तीन बार हमारी अंजली में पवित्र जल प्रदान करते हैं।

विचारों की माला तो विश्वास के फूलों से बनती है, यदि इसमें प्रेम रस भरा हो तो
सारे जहां की खुशी मिलती है ।अगर मन की धड़कती आवाज
सुनने की आदत हो तो दिल की कही हर बात भली लगती है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि तीन तिगड़ा काम बिगड़ा, आओ मन को सकारात्मक सोच में ढालें, वर्तमान आधुनिक डिजिटल युग में अंधविश्वासों गलतफहमियां से दूर सकारात्मक सोच रखना सफलता की कुंजी है। जीवन में हम जैसा सोचते हैं वैसा हमारा मन हो जाता है जो सशक्त और शक्तिशाली ऊर्जा का रूप है, इसमें विश्वास आशा और सुंदर विचारों को रखें।

## आधुनिक आर्थिक वैज्ञानिक पद्धति राष्ट्रीय विकास का आधारस




सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी कुपोषण और साक्षरता बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब इंसान खेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करने को माना गया है। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए। इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता के हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है। जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है की यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निसंदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया, अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साध्ानों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पध्ाा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 135 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर–तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निसंदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है,जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास यानी गरीबी हटाने के घरेलू उपाय का अच्छा रोजगार देने में विज्ञान का योगदान बहुत ज्यादा रहा है,लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था में शिक्षा कौशल प्राप्त कर गरीब युवा भी बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकता है। सामाजिक आर्थिक क्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रशासनिक राजनीतिक क्षेत्र भी वैज्ञानिक तकनीकी से गरीबी मिटाने के प्रयास में लगातार अनवरत प्रयत्नशील है ई गवर्नेंस वस्मार्ट गवर्नेस में व्यापक तौर पर पारदर्शिता जवाबदेही लाकर प्रशासन को बेहतर बनाने में मदद की है यह भी गरीबी निवारण के लिए जरूरी सुशांत सुशासन का एक अहम हिस्सा है। विज्ञान तकनीकी आधारित विकास ने हमारी गरीबी का स्तर घटाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रभाव महसूस किया जा रहा है। अब इस बात की जरूरत है कि दुनिया के विकास के मॉडलों में सामाजिक मूल्य कमजोर वर्गों के प्रति करुणा विविध धर्म, संप्रदाय आदि क्षेत्र का सम्मान जैसी बातें भी शामिल हो। अब विकास का ऐसा मॉडल विकसित हो जाना चाहिए जो समाज को पर्यावरण प्रेम, नागरिक मानवीय कर्तव्य, नैतिक मूल्य का भी पाठ पढ़ाए ताकि समस्त सामाजिक वर्ग का विकास एक साथ सबके साथ हो सके। दुनिया के हर महत्वपूर्ण अर्थशास्त्री विकास के मॉडल में विज्ञान की तकनीकी का प्रयोग अत्यंत एवं आवश्यक मानते हैं। अब विकास के साथ विज्ञान और मूल्य का सही संयोजन जरूरी है ताकि असमानता के स्थान पर सभी का विकास संभव हो सके। विज्ञान की अथाह क्षमता तथा शक्ति का सदुपयोग विकास के पथ को तीव्र सरल तथा उच्च उत्पादकता वाला बनाना होगा। गरीबी की दर्दनाक पीड़ा पर यह मरहम लगाकर उसे हटाने का बेहतर साधन भी बन सकता है। वैज्ञानिक तकनीक के साथ यदि मानवीय संवेदनाओं का समावेश हो तो यह कई गुना अधिक सफल बन सकती है। ऐसे में श्येन केन प्रकारेणश धन कमाने की लिप्सा और शोषण की सोच की जगह शसर्वे भवंतू सुखिनःश जैसी सकारात्मक भावनाएं समाज में व्याप्त हो तभी विकास की सही दिशा को कोई भी राष्ट्र प्राप्त कर उस देश की गरीबी को हटाने में सफल हो सकता है। संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

## बहुलतावाद के पक्ष में राजनीतिक इंद्रधनुष के दूसरी तरफ बैठे बुद्धिजीवी और भारतीय चिंतन

कन्नड़ साहित्यकार देवानूर महादेव की एक पुस्तिका इन दिनों चर्चा में है, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आलोचनात्मक पड़ताल की है और गोलवलकर की किताब बंच ऑफ थॉट्स में उठाए गए मुद्दों को खारिज किया है और उसे भारतीय संविधान के उलट बताया है।कन्नड़ साहित्य जगत में देवानूर महादेव ने पहले लघुकथाओं और उपन्यासिका कुसुमबले के माध्यम से अपनी पहचान बनाई, जिसमें मौलिकता और शक्ति थी। उसके बाद से उन्होंने अपनी राजनीतिक अखंडता और नैतिक साहस का प्रदर्शन कर, सरकारी प्रलोभन के आगे झुकने से इनकार कर, और वंचितों तथा शोषितों से अपनी पहचान जोड़कर सम्मान अर्जित किया है। वह अंतर–धार्मिक सद्भाव के भावुक समर्थक हैं, बहुलतावाद के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हाल ही में हलाल मटन खरीदने के लिए मैसूर के एक बाजार में जाने के दौरान देखी गई, जब हिंदुत्व के उग्र समर्थक इस पर प्रतिबंध की मांग कर रहे थे। इसी जुलाई में महादेव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर अपने दृष्टिकोण पर केंद्रित एक पुस्तिका प्रकाशित करवाई। इसके प्रकाशित होने के एक हफ्ते बाद द न्यूज मिनट वेबसाइट ने लिखा रू आरएसएस की आलोचनात्मक पड़ताल करने वाली इस पुस्तिका के जारी होने के बाद से इसकी भारी बिक्री हो रही है, जिसके चलते राज्य का दक्षिणपंथी पारिस्थितिकी तंत्र पुस्तिका और उसके लेखक, दोनों को बदनाम करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। सत्ताध्ाारी भाजपा के सांसदों के साथ–साथ जो लोग राजनीतिक इंद्रधनुष के दूसरी तरफ शबुद्धिजीवियोंश के रूप में जाने जाते हैं, उन्होंने लेखक को निशाने पर लिया है। इसके बावजूद इस पुस्तिका की दसियों हजार प्रतियां बिक चुकी हैं, जिन पर राज्य के कोने–कोने में चर्चा और बहस हो रही है। कन्नड़ न जानने वाले हम जैसे लोगों के लिए प्रसन्नता की बात यह है कि महादेव का यह पर्चा अब तमिल, तेलुगू और मलयालम सहित अन्य भाषाओं में उपलब्ध है। हाल ही में मैंने इसका एसआर रामकृष्ण द्वारा किया गया अंग्रेजी अनुवाद पढ़ा, जो कि जल्द ही पुस्तिका के रूप में प्रकाशित होगा। इसका मुख्य पाठ दो विचारकों महादेव सदाशिवराव गोलवलकर और विनायक दामोदर सावरकर के उद्धरणों से शुरू होता है, जिन्होंने हिंदुत्व को उस तरह गढ़ा, जैसा आज वह दिखता है। हम यहां गोलवलकर को जाति व्यवस्था और उसके अंतर्निहित पदानुक्रम को इस आधार पर सही ठहराते हुए पाते हैं कि इन्हें शास्त्रों की स्वीकृति प्राप्त है, और सावरकर मनुस्मृति की पूजा करने का आग्रह करते हैं, बावजूद इस तथ्य के कि जाति और लैंगिक असमानता का समर्थन भारतीय संविधान में अनैतिक है। महादेव ने सावरकर का जो उद्धरण चुना है, वही बहुत कुछ कहता है रू श्मनुस्मृति वह शास्त्र है, जो हमारे हिंदू राष्ट्र के लिए वेदों के बाद सबसे अधिक पूजनीय है और जो प्राचीन काल से ही हमारी संस्कृति–रीति–रिवाज, विचार और व्यवहार का आधार बना हुआ है। सदियों से इस पुस्तक ने हमारे राष्ट्र के आध्यात्मिक और दैवीय पथ को संहिताबद्ध किया है। आज भी करोड़ों हिंदू अपने जीवन और व्यवहार में जिन नियमों का पालन करते हैं, वे मनुस्मृति पर आधारित हैं। आज मनुस्मृति हिंदू कानून है। वह मूलभूत है।श आरएसएस के विचारक गोलवलकर एक अन्य उद्धरण में राज्यों के संघ की संघीय प्रणाली को श्जहरीलाश कहते हैं, और इसके बजाय श्एक देश, एक राज्य, एक विधानमंडल, एक कार्यपालिका के समरूप सिद्धांत पर आधारित एकात्मक राजनीतिक प्रणाली का आग्रह करते हैं।देवानूर महादेव आरएसएस के अपरिष्कृत विमर्श की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं। गोलवलकर की किताब बंच ऑफ थॉट्स को संघ की बाइबिल कहा जाता है, लेकिन जैसा कि महादेव लिखते हैं, श्यदि आप इस किताब में यह तलाशने की कोशिश करें कि जिसे षविचारष या षचिंतनष कहा जा सकता है, तो आपको बहुत निराशा होगी। यह केवल आकस्मिक, खतरनाक मत प्रस्तुत करती है, वह भी बीते हुए समय के।श (उस किताब को कई बार पढ़ने के बाद मैं उनके इस निष्कर्ष से सहमत हूं) महादेव आरएसएस के बारे में कहते हैं कि 'उसकी विचारधारा इतनी संकीर्ण है कि किसी और की तो बात छोड़ें, कोई भी समझदार ब्राह्मण अतीत के ऐसे खतरनाक दृष्टिकोण को स्वीकार नहीं कर सकता, जो वह प्रस्तुत करता है।श महादेव ने भारतीय संविधान के एक रक्षक के नजरिये से लिखा है कि यह दस्तावेज वास्तविकता में बहुलतावाद, जाति तथा लैंगिक समानता, अभिव्यक्ति की आजादी, और संघवाद के मूल सिद्धांत के घोर विरोधी हैं।महादेव तो यह भी कहते हैं, श्वे भारतीय संविधान को जितना अधिक नुकसान पहुंचाते हैं, वे उतना ही अधिक विजेता महसूस करते हैं।श महादेव लिखते हैं, शसंविधान को कमजोर करने के लिए आरएसएस और उसके संबद्ध अकथनीय कार्य कर रहे हैं। वे ऐसा खेल खेल रहे हैं, जैसा उन्हें नहीं करना चाहिए।

# अयोध्या मे 41वे रामायण मेला का 27 नवंबर 2022 को मुख्यमंत्री श्री योगी करेंगे उद्घाटन



माझी , अयोध्या अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्म नगरी अयोध्या मे 27 से 30 नवंबर 2022 को आयोजित 41वां रामायण मेले का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ करेंगे । 27 नवंबर 2022 को मुख्वयमंत्री जी के कर कमलों द्वारा राम कथा पार्क में रामायण मेले का उद्घाटन किया जाएगा ।नगर आयुक्त विशाल सिंह एवं रामायण मेला समिति के संयोजक आशीष मिश्रा ने राम कथा पार्क का जायजा लिया नगर आयुक्त ने कमियों को दूर करने हेतु आवश्यक अधिकारियों को निर्देशित किया रामायण मेंले के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जन सहभागिता के साथ रामायण मेला संपन्न करने का निर्णय लिया गया। मेले में हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार की 10 दिवसीय प्रदर्शनी का भी इस वर्ष आयोजन किया जा रहा है । 27 से 30 नवंबर 2022 तक 41 वें रामायण मेले में समिति द्वारा चित्र वीथिका (पेंटिंग) प्रतियोगिता ,रामायण युगीन परिधानोत्सव प्रदर्शनी (फैशन शो )प्रतियोगिता एवम लोकनृत्य प्रतियोगिता ,राम कथा पार्क अयोध्या में किया जाना है रामायण मेला समिति के संयोजक आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा रामायण से संबंधित अनेकों प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिलेगा एवं उन सभी को एक अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान किया जा सकेगा ।

# सदी के महानायक अमिताभ बच्चन बताएंगे ,अयोध्या में श्री राम मंदिर के 500 वर्ष के संघर्ष का इतिहास




मांझी ,अयोध्या अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्मनगरी अयोध्या, सदी के महानायक बताएंगे राम मंदिर के 500 वर्ष के संघर्ष का इतिहास। राम मंदिर निर्माण की कवायद के बीच 500 वर्षों के संघर्ष और इतिहास से जन–जन को रू–ब–रू कराने की श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की योजना धीरे–धीरे साकार होने की ओर अग्रसर है। ट्रस्ट ने ढांचा टूटने से लेकर सुप्रीम फैसले तक लगभग 500 वर्षों के इतिहास पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाने का निर्णय लिया था, जिसको लेकर तमाम घटनाओं व इतिहास को सहेजने की कवायद की जा रही थी। अब सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने डॉक्यूमेंट्री को अपना स्वर देने की हामी भरी है।राम मंदिर के संघर्ष गाथा को दिखाने और बताने के लिए डॉक्यूमेंट्री के निर्माण का जिम्मा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी को सौंपा था। ट्रस्ट काफी दिनों से मंदिर आंदोलन की एक–एक कड़ियों को सहेजने में जुटा रहा। मंदिर निर्माण के भी हर चरण की वीडियोग्राफी कराई जा रही है। डॉक्यूमेंट्री के निर्माण का जिम्मा हैदराबाद तेलंगाना के विराट याज्ञिक को सौंपा गया है।समय–समय पर हुए संघर्ष, उत्पन्न चुनौतियों तथा बलिदान से संबंधित जानकारी और क्लिपिंग की जा रही है। दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले इस वृत्तचित्र के माध्यम से आज के युवा पीढ़ी को संघर्ष और बलिदान के साथ निर्माण के हर पहलु की जानकारी उपलब्ध कराने की है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि डॉक्यूमेंट्री में तमाम विशिष्ट हस्तियां नजर आएंगी। जाने–माने अभिनेता अमिताभ बच्चन ने राम से जुड़ी इस विराट गाथा को अपना स्वर देने की इच्छा जताई है !

# मंजूषा किंजवडेकर ने किया आविर्भावांजलि पत्रिका का विमोचन




19 नवम्बर दिन शनिवार को नवोदय साहित्यिक मंच की उपाध्यक्षा डॉ० पूर्णिमा पाण्डेय जी के जन्मदिन के शुभअवसर पर उन्हें मंच के द्वारा आविर्भावांजलि पत्रिका उपहार स्वरूप प्रदान की गई। इस पत्रिका का संपादन नवोदय साहित्यिक मंच के कार्यकारी अध्यक्ष संपादक आ० कृष्ण कान्त मिश्र जी ने किया। नवोदय मंच के संस्थापक डॉ० ओउम् प्रकाश मिश्र जी ने बताया कि मंच के हर एक पदाधिकारी के जन्मदिन पर उन्ही की रचनाओं को संकलित करके उन्हें उपहार स्वरूप यह पत्रिका दी जाती है। इस आविर्भावांजलि पत्रिका का विमोचन सुप्रसिद्ध साहित्यकारा, कवयित्री आ० मंजूषा किंजवडेकर जी ने फेसबुक लाइव के माध्यम से मंच पर उपस्थित होकर किया। इस अवसर पर बहुत से कवियों ने अपने शुभकामना संदेश उपाध्यक्षा जी को दिए। तदोपरान्त मंच के सभी पदाधिकारियों ने स्ट्रीम यार्ड पर एकत्रित होकर अपने–अपने बधाई संदेश डॉ० पूर्णिमा पाण्डेय जी को उनके जन्मोत्सव पर दिए। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन मंच के कोषाध्यक्ष आ० राजीव रंजन मिश्र जी ने किया। मुख्यअधीक्षक डॉ० जे.एन. भारती बैरागी जी ने बहुत सुंदर सोहर गाकर सुनाया। डॉ० वाई. एन. मिश्र जी मुख्यअतिथि रहे। सहसचिव प्रीती द्विवेदी ने अपना हार्दिक बधाई प्रेषित किया। अंत में विशाल भारती ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विधान सभा अध्यक्ष रबिन्द्र कुमार भारती की बुजुर्ग माँ द्रोपती का निधन पार्टी में छाई शोक की लहर

अयोध्या

तारुन अयोध्या बसपा गोसाईगंज विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहे रबिन्द्र भारती की बीमार माँ का इलाज के दौरान दर्शननगर मण्डलीय चिकित्सालय में शनिवार की रात मौत हो गयी।श्री भारती पछियाना गांव पंचायत के गौरा गांव निवासी है। उनकी मृतक माता का अंतिम संस्कार गांव के पास पार्टी नेताओं व मृतक सगे सम्बन्धियों रिस्तेदारो व ग्रामीणों की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व जोन कोवार्डीनेटर पवन कुमार,पार्टी के गोसाईगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राम सागर वर्मा,जिलाध्यक्ष महेंद्र आनन्द, दिलीप कुमार विमल,लालजी वर्मा, राज मोहन पटेल सहित तमाम गणमान्य लोग मौके पर मौजूद रहे। पार्टी नेताओं ने कहा कि द्रोपती की असमायिक मृत्यु से हम सब दुःखी हैं।इस दुःख की घड़ी में पार्टी रबिन्द्र भारती के परिवार के साथ है।

# जिला अस्पताल में मरीजों के साथ हो रहा खिलवाड़

अयोध्या

अयोध्या जिला अस्पताल में मरीजों के साथ हो रहा खिलवाड़।अब डेंटल सर्जन करेंगे इमरजेंसी की ड्यूटी।गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज अब भगवान भरोसे।सीएमएस आर बी एन त्रिपाठी का तुगलकी फरमान।अब दांत के डॉक्टर करेंगे गंभीर बीमारियों का इलाज।प्रभारी सीएसएस आर बी त्रिपाठी पर कोरोना काल में हुई थी कार्यवाही।सुल्तानपुर में तैनाती के दौरान इनपर तत्कालीन प्रमुख सचिव स्वास्थ ने की थी कार्यवाही।जिला अस्पताल के तानाशाह बन कर करते हैं फैसले।मरीजों के जीवन और उचित चिकित्सकों के दायित्व को लेकर हैं गैर जिम्मेदार।एक दिन पहले लावारिस स्थिति में पड़े मरीज की कुत्तों ने निकाल ली थी आंख।अयोध्या नगरी में स्वस्थ के साथ हो रहा है खिलवाड़।डेंगू की लहर के बीच दवाइयों और गुलुकूज की कमी से परेशान से मरीज।

# सी.सी.टी.एन.एस में अयोध्या पुलिस को यूपी में प्राप्त हुआ 7वां स्थान

अयोध्या

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद अयोध्या श्री प्रशांत वर्मा के



निर्देशन में क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) में जनपदीय पुलिस प्रदेश के टॉप–10 जिलों में शामिल हुआ है। प्रदेश में जनपद अयोध्या पुलिस को सीसीटीएनएस की माह अक्टूबर की रैंकिंग में 7वां स्थान प्राप्त हुआ है। इसमें कई बिन्दुओं जैसे एफआईआर, गिरफ्तारी, संपत्ति जब्ती, आरोप पत्र, आनलाइन शिकायतें, आनलाइन चरित्र आदि कार्यों की समीक्षा की जाती है। जनपद के थानों पर नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटरध्आरक्षियों द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है जिसके सापेक्ष जनपदीय पुलिस को प्रदेश में 7वां स्थान प्राप्त हुआ है।सीसीटीएनएस के नोडल अधिकारी श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री मधुबन कुमार सिंह, डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर संतोष कुमार यादव व थानों के सीसीटीएनएस कर्मियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना कर एसएसपी, अयोध्या ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

# जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत जरहा में ली समीक्षा बैठक

जनपद पंचायत रायपुर

कर्चुलियान अंतर्गत ग्राम पंचायत जरहा में जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 15 के सदस्य लालमणि त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत जरहा पहुंचकर पंचायत भवन में सरपंच सचिव रोजगार सहायक एवं पशु चिकित्सकों की समीक्षा बैठक ली लालमणि त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत में बने गौशाला के बारे में चर्चा की एवं व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली एवं सही तरीके से व्यवस्था करने के लिए कहा गया एवं पशु चिकित्सको को मवेशियों के कान में टैग लगाया जाए एवं अच्छी पशु चिकित्सा देने के लिए कहा गया इसके बाद जर्जर ग्राम पंचायत भवन को सही ढंग से निर्माण करने के लिए कहा एवं सरपंच सचिव रोजगार सहायक को आपसी अनबन को हटाकर मिलजुल कर कार्य करने के लिए सहमत जताई इस मौके पर सरपंच सचिव रोजगार सहायक पशु चिकित्सक सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय अंतिम सत्र का बैठक संपन्न



माझी , अयोध्या अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्मनगरी अयोध्या श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक का अंतिम सत्र आज संपन्न हुआ ध प्रारंभ में निर्माण समिति के सदस्य,जिलाधिकारी महोदय , विकास प्राधिकरण के नगर आयुक्त महोदय , तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता व अन्य पदाधिकारियों ने निर्माणाध ीन सड़क को (सुग्रीव किला से दर्शन मार्ग के छोर तक ) देखा, विभिन्न पहलुओं को समझा , श्री कुणाल किशोर जी इस भ्रमण और वार्तालाप में उपस्थित रहे , उन्होंने सड़क के संबंध में अपने सुझाव दिए , आज भी उन्होंने तीन प्रस्ताव इस संबंध में दिए , मंदिर निर्माण समिति के माननीय अध्यक्ष श्री नृपेंद्र मिश्रा जी ने उन्हें सुना दूसरी बैठक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र परिसर के लार्सन टूब्रो के ऑफिस में प्रारंभ हुई ध सर्वप्रथम परिसर के सुरक्षा मानकों पर उपमहानिरीक्षक ( पुलिस अयोध या क्षेत्र ) ने अपने विचार रखे , सभी ने सुना, सुझाव दिए , निर्माण समिति के सदस्य सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त डायरेक्टर जनरल श्री केके शर्मा जी ने हर बिंदु पर अपने सुझाव दिये ध सुरक्षा की अगली बैठक में उन पर चर्चा होगी निर्णय किया जाएगा ध नगर आयुक्त महोदय ने मास्टर प्लान समझाया, 70 एकड़ परिसर की विकास योजनाओं पर टाटा कंसलटिंग इंजिनियर्स के अध िकारियों ने परिसर की योजनाएं नगर आयुक्त जिलाधिकारी एवं मंडल आयुक्त के सम्मुख रखी और यह आश्वस्त किया कि परिसर के भीतर का वर्षा काल का पानी , सीवर का पानी अथवा नाली का पानी नगरपालिका के नाली अथवा सीवर में नहीं जाएगा कुल कितने लीटर पीने योग्य पानी , कितनी बिजली की आवश्यकता होगी यह भी आज की चर्चा का विषय है रहा प्रस्तोता – चम्पत राय !

# अयोध्या के पत्रकार महेंद्र त्रिपाठी के स्वास्थ्य को लेकर पत्रकारों, अधिकारियों, नेताओं , समाजसेवियों ने शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रभु श्रीराम से कामना की



मांझी ,
अयोध्या अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन धर्म नगरी अयोध्या अयोध्या विश्वहिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री रहे विवंगत महेश नरायण सिंह की भतीजी नगर निगम अशोक सिंहल नगर कारसेवकपुरम की पार्षद विंदु सिंह व श्रीराम जन्मभूमि के पुजारी सन्तोष त्रिपाठी ने प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी के आवास जाकर उनका कुशलक्षेम लिया और अपनी शुभकामनाएं देकर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना रामलला से की अयोध्या के वरिष्ठ पत्रकार प्रेस क्लब अयोध्या के अध यक्ष महेंद्र त्रिपाठी जी का जब से ऑपरेशन हुआ तभी से लोग स्वास्थ्य को लेकर प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की है जिसमें भाजपा नेता सिद्धार्थ श्रीवास्तव , अयोध्या मंडल के कमिश्नर नवदीप रिणवा , भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय कुमार मांझी , उपजा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी , अयोध्या के लोकप्रिय डॉ वैध आर पी पांडे , अयोध्या के पूर्व कोतवाल अशोक कुमार सिंह ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है !

# राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी का भव्य स्वागत



जयपुर। निकटवर्ती गांव शिशोदा में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी पी जोशी का भव्य स्वागत किया गया। विश्व विख्यात जन–जन के आस्था के केंद्र क्षेत्रपाल भेरुनाथ के दर्शन के बाद दानवीर भामाशाह वरिष्ठ समाजसेवी, मेवाड़ रत्न स्व. हमेरलाल जी धाकड़ द्वारा निर्मित हॉस्पिटल के पास आचार्य महाप्रज्ञ भवन में समाजरत्न रमेश धाकड़ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सी पी जोशी, खमनोर प्रधान भेरुलाल विरवाल आदि का स्वागत रमेश धाकड़ ने मेवाड़ी पगड़ी शॉल माला उपरना से किया। इस अवसर पर प्रवासी नेता मुंबई प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रकाश पी पामेचा, भेरूलाल धाकड़, अर्जुन धाकड़, सोहन सिंह, करणी सेना जिला अध्यक्ष सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्तिथ थे। अपने भाषण में रमेश धाकड़ ने जोशी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे एक आग्रह पर साहब समय निकाल कर यहां पधारे, उसके लिए सदैव उनका आभारी रहूंगा। धाकड़ ने ट्रस्ट संबंधित अपनी मांग जोशी के सामने रखी, तो उन्होंने कहा कि शिशोदा वासियों के अहो–भाग्य है, जो रमेश जी ध ाकड़ जैसा सेवाभावी आदमी मिला और धाकड़ सदैव गांव के विकास के कार्य करेंगे। समस्त ग्रामवासी को इनका साथ देना चाहिए। जोशी ने कहा कि रमेश धाकड़ जैसा व्यक्ति बहुत भाग्यवानों को मिलता है। शिशोदा भेरुनाथ की कृपा है, इस लिए धाकड़ गांव के विकास के सहभागी बन रहे है। जोशी ने कहा कि जब मैने पहला विधानसभा चुनाव 1980 लड़ा तब इनके पिताजी हमेरमल जी ने पूरा समर्थन देकर 52 गांवों से मुजे विजय दिलाई। धाकड़ परिवार का में सदा ऋणी हूं। जोशी ने ग्राम विकास के लिए हर सहायता देने का वादा किया। जोशी ने कहा रमेश धाकड़ ने आज हजारो की संख्या में लोगों को जमाकर जो सभा बुलाई उसके लिए बहुत बहुत आभार। जोशी में अपने भाषण में रमेश धाकड़ की जमकर तारीफ की। जोशी ने कहा कि रमेश धाकड़ मेवाड़ का वो अनमोल हीरा है, जो गांव के विकास में पूरा साथ दे रहे, तो सभी ग्राम वासी को चाहिए आप सब धाकड़ का समर्थन करे। अंत मे रमेश धाकड़ ने आभार ज्ञापन किया।

# मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष अभियान दिवस किया गया आयोजित



विकास खंड मछलीशहर की ग्राम पंचायत बामी स्थित कम्पोजिट विद्यालय परिसर में रविवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता सूची में नाम बढ़वाने तथा संशोधन इत्यादि के लिए ग्राम प्रधान श्रीमती सरोज सिंह की उपस्थिति में विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। उपस्थित लोगों के सामने मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया और लोगों से अपील की गई कि अगर किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो शामिल करा लें।नव विवाहित दुल्हनों तथा ऐसे लोग जो 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हों वह भी प्रारुप 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा लें । उन्होंने बताया कि गांव के दोनों बूथों की भाग संख्या जो पिछले विधानसभा चुनाव में 122 और 123 थी वह अब परिवर्तित होकर क्रमशः 109 और 110 हो गई है।भाग संख्या 109 बी एल ओ मीरा सिंह ने बताया उन्हें नाम बढ़वाने के लिए कुल 11 तथा नाम संशोधन के लिए 1 आवेदन प्राप्त हुआ है तथा भाग संख्या 110 की बी एल ओ सुमन सिंह ने बताया कि उन्हें नाम बढ़वाने के लिए कुल 5 आवेदन प्राप्त हुए हैं। निर्वाचक नामावली में काफी संख्या में नामों को आधार से जोड़ा जा चुका है। आपको बताते चलें कि इस समय 09 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक पूरे जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है जिसमें 12 नवंबर, 20 नवम्बर ,26 नवंबर तथा 4 दिसंबर को प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष अभियान दिवस आयोजित जा रहा है।

# सड़क धंसने से सीवर में गिरा बाइक सवार



रायबरेली। जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के शक्तिनगर में आज सुबह लागभग 8 बजे एक बाइक सवार किसी काम से शहर की ओर जा रहा था, तभी शक्तिनगर में हाल ही में डाले गए सीवर लाइन के पाइप के खुले गड्ढे में अचानक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरा। जिससे बाइक सवार युवक को काफी चोटें आई वही बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। तस्वीर में आप साफ देख सकते हैं कितना जानलेवा गड्ढा है और बाइक का अगला हिस्सा भी सीवर लाइन के गड्ढे में घुसा हुआ है। स्थानीय निवासी राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि कुछ महीने पहले यहां सीवर लाइन की पाइप डाली गई थी उसके बाद बाहर निकलने की वजह से यह पाइप टूट गई। तब से इस टूटी पाइप से पानी निकलता रहता है और यहां पर 5 से 6 फीट का बड़ा गहरा गड्ढा हो गया है, जिसके कारण जलभराव रहता है। लोग समझ नहीं पाते हैं और उसी गड्ढे में गिर कर चोटिल होते रहते हैं। इस संबंध में नगर पालिका के अधिकारियों को सूचित कराया गया लेकिन किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। ना ही इसका दुरुस्ती करण कराया जा रहा है साथ ही आसपास के मोहल्ले वासियों की चार पहिया वाहनों का निकलना भी बंद हो गया। नगर पालिका के इस कृत्य से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है।

# सात दिवसीय विशेष शिविर बुंदेली में..




खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय दिल्ली व क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निर्देशक श्री कबीर जी ,राज्य रा.से.यो. अधिकारी डॉ. समरेंद्र सिंह अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा व जिला संगठक श्री योगेन्द्र तिवारी के निर्देशन तथा श्रीमती इंदु अग्रवाल प्राचार्य शा उ मा वि कोरबा के संरक्षण व सुश्री मंजूलता भारत व प्रभात शर्मा कार्यक्रम अधिकारी श्री अरुण कुमार लांझी सहायक कार्यक्रम अधिकारी के कुशल मार्ग दर्शन में श्रीमती तुलसी मँझवार की अध्यक्षता , श्री अनुरंजन प्रसाद सिंह तथा अनीता ओहरी प्राचार्य शासकीय हाईस्कुल के विशिष्ट आतिथ्य में आज दिनांक 18ध11ध2022 को शा उ मा वि कोरबा में संचालित रा से यो क्रमांक 171 का सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम बुंदेली में हुआ जो दिनांक 24ध 11ध 2022 को सम्पन्न होगी ।स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। विवेकानंद जी के जीवनी पर अतिथियों द्वारा विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं एवं एनएसएस इकाई के स्वयं सेवकों अंजलि मिरि, तान्या गोस्वामी, पूजा साहू, शिवा साहू, उमेश टंडन रमेश,ज्योति बरेठ,गंगा कंवर,तथा स्टाफ सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

# भागवत कथा ही महान है जहां भगवान की कथा होती है वहां सारे देवता निवास करते हैं



जौनपुर भगवान के अनंत अवतार है और श्री कृष्ण व श्रीराम को वैभवा अवतार कहते हैं उक्त बातें श्री भागवत कथा के पांचवे दिन जंघई बाजार के आशीर्वाद भवन में जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्री धर्माचार्य जी महाराज जी ने कही और मुख्य यजमान मुनेश्वर उमर ,मीरा देवी, मनोज कुमार आदि लोगों ने कथा शुरू होने के पहले महाराज का माल्यार्पण करके स्वागत किया । दूसरे के दुःख को दूर करते हैं और भगवान अपने भक्तों के दुःख को देखकर स्वयं दुखी होते हैं और कंस को जब पता चला की देवकी के आठवें पुत्र के द्वारा मारे जाओगे और उसने पूरे नगर में डुगडुगी पिटवा दिया की नगर में एक माह के अंदर जो बच्चा पैदा हो उसको नष्ट कर दिया जाय ।कंस के महानगरी में चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ था और कृष्ण के जन्म पर नंद बाबा ने अन्न व जवाहारात के सात सात पहाड़ बना दिए और लक्ष्मी जी की कृपा वहां अवश्य होती है जहां साक्षात बृज में भगवान श्रीकृष्ण है वहां पर लक्ष्मी जी की कृपा अवश्य होती है ।श्री कृष्ण का जन्म होते ही चारों तरफ सजावट के साथ साथ अपने अंतर्मन की सजावट किया ।यही नहीं भगवान को गोपिकाएं भी आशिर्वाद देती है जब कि भगवान भक्तों को आशीर्वाद देते हैं । भगवान श्रीकृष्ण को नटवर की संज्ञा दी गई है और गोपिकाओ ने कहा की हमें एक मिनट के लिए मेरे गोद में दे दे और जैसे ही मैया ने गोपिकाएओं के हाथ मे श्रीकृष्ण को दिया तो उपस्थित गोपिकाएं नाचने गाने लगी ।लाला के जन्म पर कई दिन तक जन्मदिन मनाया जाता रहा जिससे चारों तरफ हंसी खुशी का माहौल बना रहा ।

आवश्यकता है

झुग्गी झोपडी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
एवमं
JJ News Portal
के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले
के लिए संवाददाता, पेजमेकर आपरेटर, विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !

सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,
पीएनबी एटीएम के पास

# धर्म और संस्कृति महू के पटल पर बाल रचनाओं की झड़ी लगी



बाल दिवस के पूर्व संध्या पर धर्म और संस्कृति महू के पटल पर धार्मिक एवं साहित्यिक रचनाओं के लिए दिनाँक13नवंबर22 रविवार के दिन एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें देश भर के मूर्धन्य रचनाकारों ने हिस्सा लिया ।प्रातः दस बजे से लेकर रात दस बजे तक चले कार्यक्रम में बाल रचनाएँऔर विविध रचनाएँ साहित्यकारों द्वारा प्रेसित की गई ।जिन रचनाकारों ने अपनी रचनाएँ या आलेख भेजी उनके नाम कुछ इस प्रकार से रहे, डॉ संजय श्रीवास्तव, ममता श्रवण अग्रवाल, दीप्ति निगम, अजय चौबे, शुष्मा शुक्ला, सरोज विश्वकर्मा स्वेता दहन देशवाल, सुधीर श्रीवास्तव, सीमा गर्ग मंजरी, उषा चतुर्वेदी, निर्मला सिन्हा, अनिल श्रीवास्तव, प्रभा तिवारी, अमिता मिश्रा, प्रीति चौहान, रश्मि पांडे शुभी, अमरनाथ सोनी, डॉ शशि निगम, शिल्पी जैन, राजेश भंडारी, संजू पाठक, मधु माहेश्वरी, संध्या पांडे, डॉ अंजुल कंसल कनुप्रिया, हेमा जैन, राधे श्याम गोयल एवं भारती श्रीवास्तव आदि ।कार्यक्रम की रूपरेखा कीर्ति श्रीवास्तव ने बनाया ।कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ ममता श्रवण अग्रवाल ने किया ।संयोजन डॉ संजय श्रीवास्तव का रहा ।आभार कीर्ति श्रीवास्तव और सरोज विश्कर्मा ने माना।

# सत्कर्म से साधक विध्न पर विजय अवश्य प्राप्त कर आगे बढता है : डा, सलिल

जौनपुर संवाददाता ।जौनपुर मे चल रही भागवत कथा मे डा सलिल जी महराज ने बताया कि सत्कर्म करने से मनुष्य जीवन के हर क्षेत्र मे आगे बढता है हालाकि ऐसा करते समय वह अनेको मुसीबत से गुजरता है लेकिन अन्त मे विजय अवश्य मिलती है । बता दे कि उक्त कथा जौनपुर जनपद स्थित सदभावना पुल के निकट कीर्ति कुंज ज्वेलर्स के बगल मे पिछले तीन दिनो से चल रही है जो कि 23नवम्वर तक धार्मिक चौनल संस्कार पर प्रसारित किया जा रहा है जिसका श्रवण भक्त जन प्रतिदिन शाम 4 से 7 बजे तक कर सकते है । यह कथा नारायण सेवा संस्थान उदयपुर के सहयोगार्थ की जा रही है आप अपने जीवन को धन्य मानो कि ऐसा अवसर आपके शहर मे चल रहा है भक्त अपनी सेवाए देकर विकलांगो को सकलान्ग बनाने मे मदद कर सकते है ।जिसका पुण्य लाभ भक्तो को अवश्य उठाना चाहिए ।नन्हे मुन्ने बच्चो के जिन्दगी मे खुशहाली लाकर अपने जीवन को सही अर्थ मे सार्थक और उपयोगी बना सकते है । महराज ने बताया कि हम सभी को उपासना अवश्य करनी चाहिए ।सभी ग्रंथ इसकी अनुमति देते है सत्कर्म करते समय अनेको विध्न आते है ऐसे मे साधक की सहायता प्रभु करते है भले ही वह किसी भी रूप को धारण कर संत की मदद करते है ।ठाकुर जी ऐसे लोगो की मदद मे रूप बदल कर या किसी अन्य वेष मे भक्त की सेवा कर उसकी सहायता करते है मार्ग तैयार कर उसके कार्य को सहज ही पूरा करा देते है । आज की कथा मे भीष्म कथा का मार्मिक वर्णन कर भक्तो को भाव विभोर कर अश्रु धारा से ओतप्रोत कर दिया । कार्यक्रम के आयोजक नन्हे लाल वर्मा,सनी वर्मा, प्रेरणा स्रोत राकेश सिंह ,नारायण सेवा संस्थान के छेत्र अधिकारी मुकेश शर्मा, एंकर कुंज विहारी मिश्रा जी पमुख रूप से उपस्थित रहे । प्रतिदिन संबंधित प्रसंग पर आधारित झांकी से कार्यक्रम की शोभा बढ गई । नारायण सेवा संस्थान को अपनी सेवा देने वाले जनपद के संतोष कुमार श्रीवास्तव ,राकेश सिंह शिक्षक सेवानिवृत्त मुम्बई ने अपनी सेवा देकर कार्यक्रम मे महराज जी के हाथो सम्मान ग्रहण किए ।आज के प्रमुख उपस्थित मे डा पंखुरी श्रीवास्तव, राधेश्याम जैसवाल जी,काली प्रसाद सिंह , डा बी एस उपाध्याय जी,डा निलेश श्रीवास्तव श्रीवास्तव जी , उपस्थित हुए और कथा श्रवण का लाभ उठाया ।

# अखंड राजपूताना सेवा संघ की मीटिंग हुई संपन्न

जौनपुर संगठन के विषय में राष्ट्रीय अध्यक्ष संगठन की मजबूती चर्चा करते हुए विधानसभा बदलापुर के तीन संजय सिंह अजय सिंह प्रवीण सिंह पदाधिकारी नियुक्त किए उपस्थित मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में कार्यालय महाराजगंज शक्ति सत्यनारायण सिंह महेंद्र सिंह अखिलेश सिंह आल्हा सम्राट भारत के कई प्रदेशों से सम्मानित फौजदार सिंह छत्रिय एकता संघ की बैठक में बताते हुए बताया कि क्षत्रिय समुदाय में गरीबों के लिए समूह के मेंबर उनकी सहायता के लिए संगठित टीम मिलकर सहायता करेगी गरीबों के लिए समूह कार्य की सुनवाई करेगा अशोक सिंह इब्राहिमपुर ब्लॉक अध्यक्ष की कार्यशैली को देखते हुए अच्छा कार दिखा कार्य को संबोधित करते हुए मीटिंग हुआ संपन्न।



# युवा महिलाओं में मतदाता बनने के लिए वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के लिए दिखा उत्साह



सलोन, रायबरेली। निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदाता बनाने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप का आयोजन 4 चरणों में कराया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी रायबरेली के दिशा निर्देश पर आज जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा नाम शामिल कराने का अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में सलोन क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय फरीद गढ़ में प्रधानाध्यापक एवं पदाविहित अधिकारी एस. एस पाण्डेय एवं बीएलओ गीता देवी द्वारा गांव में जागरूकता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा युवाओं को मतदाता बनाने का प्रयास किया गया। आज जिन युवा महिलाओं ने वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराया उनमें नीलम देवी सरिता देवी लीलावती अनीता उषा मंजू रिंकी और संजीत कुमार शामिल रहे स सभी ने कहा की पहली बार मतदाता सूची में नाम शामिल होने पर खुशी महसूस हो रही है।

# जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने रायबरेली फिल्म का किया प्रमोशन



रायबरेली। ष रायबरेली ष फिल्म का प्रमोशन डीएम माला श्रीवास्तव ने किया, उन्होंने गौरव कुमार को मुबारकबाद दी। माला श्रीवास्तव ने रायबरेली फिल्म का ट्रेलर देखकर उनका उत्साह बढ़ गया उन्होंने बहुत तारीफ की अभिनेता गौरव कुमार की और कहां की गौरव कुमार ने अपने शहर अपने जिले का नाम देश विदेश तक पहुंचाया इसके लिए मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं और ईश्वर से कामना करती हूं ऐसे ही अपने काम पर तरक्की करते रहें। उन्होंने जनता से गुजारिश भी किया की 25 नवंबर को रायबरेली फिल्म रायबरेली में लग रही है उसको ज्यादा से ज्यादा लोग जाकर सिनेमा घर पर देखें। डीएम माला श्रीवास्तव ने कहा कि रायबरेली के गौरव ने रायबरेली का गौरव बढ़ाया। बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता रायबरेली की शान फिल्म एक्टर गौरव कुमार आज रायबरेली जनपद के डीएम ऑफिस फिल्म रायबरेली का प्रमोशन करने पहुंचे। आपको बताते चलें कि फिल्म एक्टर गौरव कुमार रायबरेली जनपद के ही निवासी है। उन्होंने अपने आत्मविश्वास प्रचंडित कड़ी मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा से फिल्म जगत में अपना स्थान बनाया। उन्होंने कम उम्र और कम समय में अनाथे सीतापुर सिटी ऑफ गैंगस्टर , शूट आउट इटावा सफारी , संडेहे झुमकी आदि जैसी फिल्मों में काम किया और अपने शहर के युवाओं को प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने कई फिल्मों में काम भी दिलाया। और तो और अपने शहर रायबरेली नाम पर एक फिल्म भी बना डाली। वह बचपन से ही चाहते थे कि जैसे मुंबई शहर का नाम फिल्म जगत के लिए जाना जाता है और शूटिंग के लिए चुना जाता है वैसे ही उनका शहर रायबरेली में भी फिल्म जगत के लोग आए और शूटिंग करें। साथ ही एक्टर गौरव कुमार ने यहां के युवाओं तथा युवतियों को फिल्मों में अपनी कला को प्रदर्शित करने का मौका दिलाया और यह फिल्म रायबरेली बनाने के बाद उनका कहना है कि मेरी बचपन की जो इच्छा थी वह आज पूरी होती नजर आ रही है और हाल ही में एक्टर गौरव कुमार ने बॉलीवुड के जाने माने खलनायक गुलशन ग्रोवर के अभिनय में दो – दो हाथ भी किए। गौरव कुमार अभी रायबरेली मूवी के प्रमोशन में व्यस्त हैं उनकी फिल्म रायबरेली 11 नवंबर को रिलीज हो गई है जो दर्शकों को बहुत ज्यादा पसंद आ रही है। खासतौर से गौरव कुमार इस मूवी में शंकर डॉन के रूप नजर आ रहे हैं। लोगों का मानना है कि गौरव कुमार ने शंकर डॉन के रोल में जान ला दी, उनके साथ फिल्म जगत के दिनेश कुमार श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां के बाउंड्रीवाल की दीवाल महीनों से गिरी पड़ी जबकि लोगों के निकलने के आम रास्ते का गेट चीनी मिल प्रशासन ने किया बंद



तकुनिया खीरी खबर लखीमपुर खीरी जिले के बेलरायां क्षेत्र से है जहां पर इस समय सरजू सहकारी चीनी मिल पूरी तरह से सुर्खियों में छाई हुई है चीनी मिल ना चलने से किसानों के गन्ने को गन्ना कोल्हू मालिक व क्रेशर मालिक ओने पौने दामों में खरीद रहे है वहीं एक तरफ चीनी मिल की घोर लापरवाही भी देखने मिली है सरजू सहकारी चीनी मिल सहकारी मिल है जिसमें किसानों के अंश व सरकार के पैसे से विकास कार्य कराया जाता है जबकि चीनी मिल कॉलोनी के अंदर का जो रास्ता बना है उस पर किसानों के जाने के लिए पाबंदी लगा दी है और गेट पर ताला जड़ दिया है ग्रामीण क्षेत्रों से किसानों के बच्चे जब पढ़ने के लिए सरयू सरस्वती विद्या मंदिर व शिशु मंदिर में जाते हैं तो उन्हें भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है वह सभी अवैध रास्तों से अपने विद्यालय में पहुंच पाते हैं जबकि चीनी मिल की एक घोर लापरवाही और सामने आई है महीनों पहले बरसात में चीनी मिल की बाउंड्री की दीवार गिर गई थी जिसको बनाने की जहमत चीनी मिल प्रशासन उठाना नहीं चाहता उसी रास्ते से चीनी मिल में चोरी का खतरा हमेशा बना रहता है आखिर ऐसा क्यों जहां पर चीनी मिल प्रशासन को दीवार खड़ी करके बाउंड्री बंद करना चाहिए वहां उसने बाउंड्री खोल रखी है और जहां गेट खोलकर के बच्चों को विद्यालय जाने में तकलीफ उठानी पड़ती है वहां चीनी मिल प्रशासन ने गेट बंद कर रखी है आखिर ऐसा क्यों इस संबंध में जब चीनी मिल जीएम वैभव मिश्रा से फोन पर वार्ता कि उन्होंने बताया कि चीनी मिल का मुख्य गेट खुला है जिसके माध्यम से स्कूली बच्चे आ जा सकते है इस सम्बन्ध जब सुरक्षा इंचार्ज अरुण चौबे से बात की गई तो उन्होंने बताया की जीएम साहब के कहने पर उन्होंने गेट बंद करवा रखी है और जहां दीवार टूटी हुई है वहां एक सुरक्षा गार्ड बैठा रखा है।

# जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर कुल मिला कर आखिर क्या हासिल हुआ कॉप–27 से

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के 27वें सम्मेलन (कॉप–27) में जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) का उपयोग खत्म करने के लक्ष्य पर समझौता नहीं हो सका। पेट्रोलियम उत्पादों और कोयला को जीवाश्म ईंधन कहा जाता है। कॉप–27 यहां रविवार को खत्म हो गया। आरोप है कि इस दौरान जीवाश्म ईंधन के कारोबार से जुड़ी कंपनियों ने तगड़ी लॉबिंग की, जो आखिर में कामयाब रही। ऐसे में सफलता के तौर पर यही बात बताई गई कि लगभग 200 देशों के यहां आए प्रतिनिधि 'लॉस एंड डैमेज' के प्रावधान पर सहमत हो गए। इसके तहत धनी देश भविष्य में जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली प्राकृतिक आपदाओं से गरीब देशों को होने वाली नुकसान की भरपाई करने पर राजी हुए हैं।कॉप–27 में औद्योगिक युग शुरू होते समय धरती का जितना तापमान था, उसे 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा न बढ़ने देने का संकल्प फिर जताया गया। लेकिन सामाजिक कार्यकर्ताओं के मुताबिक यह संकल्प बेमायने हैं। कार्बन उत्सर्जन का सबसे बड़ा स्रोत फॉसिल फ्यूल हैं। जब तक उनका उपयोग निर्णायक रूप से नहीं घटाया जाता, ग्लोबल वॉर्मिंग को रोकना संभव नहीं होगा। कार्बन उत्सर्जन ही ग्लोबल वॉर्मिंग और जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारण हैं।जर्मनी की विदेश मंत्री एनालीना बेयरबॉक ने कहा है– 'यह देख कर परेशानी महसूस हुई कि सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाले देश और तेल उत्पादकों ने फॉसिल ऊर्जा का उपयोग चरणबद्ध ढंग से घटाने की योजना पर बात आगे नहीं बढ़ने दी।' रविवार को सम्मेलन खत्म होने से पहले उसे संबोधित करते हुए यूरोपियन यूनियन के जलवायु प्रमुख फ्रांस टिमरमैन्स ने भी कहा था कि कॉप–27 के नतीजों से वे मायूस हैं।इसके पहले शनिवार को ईयू के अधिकारी सम्मेलन से वाक आउट कर गए थे। तब उनकी मांग थी कि सम्मेलन में धरती के तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने का संकल्प दोहराया जाए। उसके पहले तक इसको लेकर बातचीत में गतिरोध बना हुआ था। आखिरकार रविवार को सभी मौजूद देशों के बीच अंतिम घोषणापत्र में इस लक्ष्य को शामिल करने पर सहमति बनी। विश्लेषकों के मुताबिक दुनिया के सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देशों– अमेरिका और चीन इस लक्ष्य को शामिल करने को लेकर उत्साहित नहीं थे।इस बीच लॉग एंड डैमेज को लेकर बनी सहमति पर भी विश्लेषकों ने सवाल उठाए हैं। उनके मुताबिक धनी देशों ने इसे इस शर्त पर स्वीकार किया कि इतिहास में उनके उत्सर्जन की वजह से हुई ग्लोबल वॉर्मिंग के लिए आगे उन्हें जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। जबकि पिछले समझौतों में यह सहमति बनी थी कि जिन देशों ने इतिहास में ज्यादा उत्सर्जन किया है, वे उसकी भरपाई करेंगे। विकासशील देशों के यह शर्त मान लेने के बावजूद लॉस एंड डैमेज के लिए बनने वाले फंड का स्वरूप तय नहीं हो सका। इसे अगले सम्मेलन के लिए टाल दिया गया। यह भी तय नहीं हुआ कि उस फंड में कौन–सा धनी देश कितना योगदान देगा।पर्यवेक्षकों ने ध्यान दिलाया है कि अमेरिका में हाल के चुनाव में हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव में रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत मिलने के बाद यह उम्मीद घट गई है कि अमेरिका लॉस एंड डैमेज फंड में कोई योगदान करेगा। रिपब्लिकन पार्टी जलवायु परिवर्तन को नहीं मानती। उसके दो पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज बुश और डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में आने के बाद अमेरिका को जलवायु समझौतों से अलग कर लिया था।

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के 27वें सम्मेलन (कॉप–27) में जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) का उपयोग खत्म करने के लक्ष्य पर समझौता नहीं हो सका। पेट्रोलियम उत्पादों और कोयला को जीवाश्म ईंधन कहा जाता है। कॉप–27 यहां रविवार को खत्म हो गया। आरोप है कि इस दौरान जीवाश्म ईंधन के कारोबार से जुड़ी कंपनियों ने तगड़ी लॉबिंग की, जो आखिर में कामयाब रही। ऐसे में सफलता के तौर पर यही बात बताई गई कि लगभग 200 देशों के यहां आए प्रतिनिधि 'लॉस एंड डैमेज' के प्रावधान पर सहमत हो गए। इसके तहत धनी देश भविष्य में जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली प्राकृतिक आपदाओं से गरीब देशों को होने वाली नुकसान की भरपाई करने पर राजी हुए हैं।कॉप–27 में औद्योगिक युग शुरू होते समय धरती का जितना तापमान था, उसे 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा न बढ़ने देने का संकल्प फिर जताया गया। लेकिन सामाजिक कार्यकर्ताओं के मुताबिक यह संकल्प बेमायने हैं। कार्बन उत्सर्जन का सबसे बड़ा स्रोत फॉसिल फ्यूल हैं। जब तक उनका उपयोग निर्णायक रूप से नहीं घटाया जाता, ग्लोबल वॉर्मिंग को रोकना संभव नहीं होगा। कार्बन उत्सर्जन ही ग्लोबल वॉर्मिंग और जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारण हैं।जर्मनी की विदेश मंत्री एनालीना बेयरबॉक ने कहा है– 'यह देख कर परेशानी महसूस हुई कि सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाले देश और तेल उत्पादकों ने फॉसिल ऊर्जा का उपयोग चरणबद्ध ढंग से घटाने की योजना पर बात आगे नहीं बढ़ने दी।' रविवार को सम्मेलन खत्म होने से पहले उसे संबोधित करते हुए यूरोपियन यूनियन के जलवायु प्रमुख फ्रांस टिमरमैन्स ने भी कहा था कि कॉप–27 के नतीजों से वे मायूस हैं।इसके पहले शनिवार को ईयू के अधिकारी सम्मेलन से वाक आउट कर गए थे। तब उनकी मांग थी कि सम्मेलन में धरती के तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने का संकल्प दोहराया जाए। उसके पहले तक इसको लेकर बातचीत में गतिरोध बना हुआ था। आखिरकार रविवार को सभी मौजूद देशों के बीच अंतिम घोषणापत्र में इस लक्ष्य को शामिल करने पर सहमति बनी। विश्लेषकों के मुताबिक दुनिया के सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देशों– अमेरिका और चीन इस लक्ष्य को शामिल करने को लेकर उत्साहित नहीं थे।इस बीच लॉग एंड डैमेज को लेकर बनी सहमति पर भी विश्लेषकों ने सवाल उठाए हैं। उनके मुताबिक धनी देशों ने इसे इस शर्त पर स्वीकार किया कि इतिहास में उनके उत्सर्जन की वजह से हुई ग्लोबल वॉर्मिंग के लिए आगे उन्हें जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। जबकि पिछले समझौतों में यह सहमति बनी थी कि जिन देशों ने इतिहास में ज्यादा उत्सर्जन किया है, वे उसकी भरपाई करेंगे। विकासशील देशों के यह शर्त मान लेने के बावजूद लॉस एंड डैमेज के लिए बनने वाले फंड का स्वरूप तय नहीं हो सका। इसे अगले सम्मेलन के लिए टाल दिया गया। यह भी तय नहीं हुआ कि उस फंड में कौन–सा धनी देश कितना योगदान देगा।पर्यवेक्षकों ने ध्यान दिलाया है कि अमेरिका में हाल के चुनाव में हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव में रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत मिलने के बाद यह उम्मीद घट गई है कि अमेरिका लॉस एंड डैमेज फंड में कोई योगदान करेगा। रिपब्लिकन पार्टी जलवायु परिवर्तन को नहीं मानती। उसके दो पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज बुश और डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में आने के बाद अमेरिका को जलवायु समझौतों से अलग कर लिया था।जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के 27वें सम्मेलन (कॉप–27) में जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) का उपयोग खत्म करने के लक्ष्य पर समझौता नहीं हो सका। पेट्रोलियम उत्पादों और कोयला को जीवाश्म ईंधन कहा जाता है। कॉप–27 यहां रविवार को खत्म हो गया। आरोप है कि इस दौरान जीवाश्म ईंधन के कारोबार से जुड़ी कंपनियों ने तगड़ी लॉबिंग की, जो आखिर में कामयाब रही। ऐसे में सफलता के तौर पर यही बात बताई गई कि लगभग 200 देशों के यहां आए प्रतिनिधि 'लॉस एंड डैमेज' के प्रावधान पर सहमत हो गए। इसके तहत धनी देश भविष्य में जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली प्राकृतिक आपदाओं से गरीब देशों को होने वाली नुकसान की भरपाई करने पर राजी हुए हैं।कॉप–27 में औद्योगिक युग शुरू होते समय धरती का जितना तापमान था, उसे 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा न बढ़ने देने का संकल्प फिर जताया गया। लेकिन सामाजिक कार्यकर्ताओं के मुताबिक यह संकल्प बेमायने हैं। कार्बन उत्सर्जन का सबसे बड़ा स्रोत फॉसिल फ्यूल हैं। जब तक उनका उपयोग निर्णायक रूप से नहीं घटाया जाता, ग्लोबल वॉर्मिंग को रोकना संभव नहीं होगा। कार्बन उत्सर्जन ही ग्लोबल वॉर्मिंग और जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारण हैं।जर्मनी की विदेश मंत्री एनालीना बेयरबॉक ने कहा है– 'यह देख कर परेशानी महसूस हुई कि सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाले देश और तेल उत्पादकों ने फॉसिल ऊर्जा का उपयोग चरणबद्ध ढंग से घटाने की योजना पर बात आगे नहीं बढ़ने दी।' रविवार को सम्मेलन खत्म होने से पहले उसे संबोधित करते हुए यूरोपियन यूनियन के जलवायु प्रमुख फ्रांस टिमरमैन्स ने भी कहा था कि कॉप–27 के नतीजों से वे मायूस हैं।इसके पहले शनिवार को ईयू के अधिकारी सम्मेलन से वाक आउट कर गए थे। तब उनकी मांग थी कि सम्मेलन में धरती के तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने का संकल्प दोहराया जाए। उसके पहले तक इसको लेकर बातचीत में गतिरोध बना हुआ था। आखिरकार रविवार को सभी मौजूद देशों के बीच अंतिम घोषणापत्र में इस लक्ष्य को शामिल करने पर सहमति बनी। विश्लेषकों के मुताबिक दुनिया के सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देशों– अमेरिका और चीन इस लक्ष्य को शामिल करने को लेकर उत्साहित नहीं थे।इस बीच लॉग एंड डैमेज को लेकर बनी सहमति पर भी विश्लेषकों ने सवाल उठाए हैं। उनके मुताबिक धनी देशों ने इसे इस शर्त पर स्वीकार किया कि इतिहास में उनके उत्सर्जन की वजह से हुई ग्लोबल वॉर्मिंग के लिए आगे उन्हें जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। जबकि पिछले समझौतों में यह सहमति बनी थी कि जिन देशों ने इतिहास में ज्यादा उत्सर्जन किया है, वे उसकी भरपाई करेंगे। विकासशील देशों के यह शर्त मान लेने के बावजूद लॉस एंड डैमेज के लिए बनने वाले फंड का स्वरूप तय नहीं हो सका। इसे अगले सम्मेलन के लिए टाल दिया गया।

झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेश मे कार्य करने हेतु लोगो की आवश्यकता है
संपर्कः- 277/129 चकिया जगमल का हाता
जनपद प्रयागराज पिन कोड 211016
उत्तर प्रदेश
9918366626 , 9140343290


# आरोपी के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा

घायल पिता के इलाज के लिए पैसा मांगने पर व्यापारी द्वारा दलित के साथ गालीगलौज को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अर्जुनपुर निवासी राममिलन सरोज पुत्र मुनेसर ने सीओ को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसका पिता मुनेसर रानीगंज कैथौला बाजार में गोविंद केसरवानी पुत्र ताराचंद्र की गोदाम मे पल्लेदारी किया करता था। बोरियां उठाते समय मुनेसर घायल हो गया। उसके पिता का इलाज इलाहाबाद मेडिकल कालेज मे चल रहा था। आरोपी ने इलाज के लिए तीन हजार रूपये दिया था। पीडित ने इलाज के दौरान जब आरोपी से दवा इलाज में और खर्च के लिए रूपये मांगे तो उसने पीड़ित को जातिसूचक गालियां देकर चुप रहने को कहा। हालांकि इलाज के दौरान पीडित के पिता मुनेसर की मौत हो गयी। तहरीर पर सीओ रामसूरत सोनकर ने लालगंज पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के कडे निर्देश दिये । तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी गोविंद के खिलाफ शनिवार की रात केस दर्ज किया है।

# शिक्षक के मौत पर लोगों ने जताई गहरी संवेदना

अजगरा के पूरे गिरवर के महावीर सिह खीची शिछण संस्थान के परिवार के प्राथमिक विद्या लय में दो वर्ष की नौकरी के दौरान ही रोशन सिह 32 की असामयिक मौत हो जाने से छेत्र मे मातम पसर गया जिससे लोग में प्रेसपल रामेंद्र सिह कृपा शंकर सिंह दयाशंकर सिह छोटेलाल शुक्ला रवी सिह बीडीसी बब्बन यादव राजाराम यादव हरिप्रसाद तिवारी नीरज तिवारी दयाशंकर तिवारी रामदेव सिह निर्झर प्रतापगढी उदय सिह चिता सिह मुन्ना सिह राजेश सिह मस्तराम सिह भरत सिह महेंद्र सिह बंटू सिह विक्कू सिह समीर शुक्ला पवन शुक्ला डा वशीर रामजाने सिह अशोक पांडेय आदि लोगों ने गहरी संवेदना जताई है ।

# महिला अधिवक्ता पर हुआ जानलेवा हमला, आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज




छाता तहसील में अधिवक्ताओं के बीच चल रही रार आखिर बढ़ ही गई। शनिवार देर शाम चेंबर बनाए जाने से कुपित कुछ अधिवक्ताओं ने बाहरी तत्वों के साथ मिलकर एक महिला अधिवक्ता पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें वह बाल–बाल बच गई। जाते जाते यह लोग महिला अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी तथा भविष्य में गम्भीर परिणाम भुगतने की धमकी देते हुए चले गए।इस घटना के संबंध में पीड़ित महिला अधिवक्ता की तहरीर पर छाता कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनाक्रम के अनुसार मथुरा बार के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे चौधरी बलदेव सिंह की पुत्री रुचि चौधरी छाता बार की सदस्य हैं तथा छाता कोर्ट में पिछले करीब आठ दस सालों से नियमित वकालत कर रही हैं। शनिवार को वह छाता बार द्वारा आवंटित अपने चेंबर का निर्माण करा रही थी। देर रात्रि छाता तहसील के चौकीदार ने उन्हें फोन कर उनके द्वारा निर्माण कराई गई चेंबर की दीवाल आदि को कुछ लोगों के द्वारा तोड़े जाने की सूचना उन्हें फोन पर दी। जिस पर वह अपने वरिष्ठ अधिवक्ता साथियों व अधीनस्थों के साथ छाता कचहरी पहुंची जहां इनके चेंबर पर मौजूद चौधरी बीरेन्द्र सिंह, अजीत सांगवान व नरेश चौधरी अपने करीब तीन चार अन्य साथियों के साथ मौजूद थे और उनके चेंबर की दीवाल आदि को तोड़ रहे थे जब उन्होंने उन्हें ऐसा करने से रोका तो वह इनके ऊपर हमलावर हो गए और उनके साथ हाथापाई कर दी। अधिवक्ता ने कहा कि इन्हीं में से एक व्यक्ति ने मेरे ऊपर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया जिसमें वह बाल–बाल बच गई जाते जाते यह लोग मुझे जान से मारने तथा भविष्य में अन्य गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना का शिकार हुई महिला अधिवक्ता अपने साथियों के साथ छाता कोतवाली पहुंची जहां उन्होंने अपने साथ हुई घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी। पीड़ित महिला अधिवक्ता की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच सहित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में जुट गई है।

# कस्बे मे एक नाबालिग को उसके घर से जबरन उठाकर रेप की घटना की अंजाम दिया गया है

कस्बे मे एक नाबालिग को उसके घर से जबरन उठाकर रेप की घटना की अंजाम दिया गया है। बताया जाता है कि रेप की घटना का वीडियो बनाकर युवकों ने ब्लैकमेल करना शुरू किया तो युवती ने घटना की तहरीर पुलिस को दी तब घटना का खुलासा हुआ। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने आनन फानन में दोनो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। इसके साथ ही पीड़िता का बयान दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार 18 नवंबर रात कस्बे के दो युवक अपने मोहल्ले की ही एक नाबालिग किशोरी के घर घात लगाकर बैठे रहे रात करीब एक बजे जब किशोरी शौच के लिए कमरे निकल कर शौचालय की ओर जाने लगी तो दोनों उसका मुंह दबाकर जबरन बाजार स्थित अपने जिम की दुकान पर उठा लाए। जहां पर बारी – बारी से दोनों ने उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। रेप के दौरान जब एक ने वारदात की तो दूसरे उसका वीडियो बनाया। इसके बाद दोनो किशोरी को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगे। जिसके बाद किशोरी ने घटना अपने घरवालों को बताई। इस परिजन तहरीर लेकर थाने पहुंचे तो पुलिस के हांथपांव फूल गए। जानकारी मिलते सी ओ संजय नाथ तिवारी थाने पहुंच गए जिसके सक्रिय हुई पुलिस टीम ने दोनो आरोपियों को आनन फानन में हिरासत में ले लिया है। घटना के बाबत पूछे जाने पर सी ओ ने बताया कि तहरीर मिल गई मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूनार्मेंट के अंतिम दिन भेरौड़ा सपोर्टिंग क्लब वसेर्स जीआर 39 के बीच फाइनल मैच खेला गया



कस्बे के सिंगाही के खेल मैदान पर सात दिन से खेले जा रहे महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूनार्मेंट का फाइनल मैच भेरौड़ा सपोर्टिंग क्लब और जीआर 39 की टीमों के मध्य खेला गया। जीआर 39 ने जीत कर टूनार्मेंट के कप पर कब्जा कर लिया। पुरस्कार वितरण सदर विधायक योगेश वर्मा ने किया।कस्बे में चल रहे महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूनार्मेंट के अंतिम दिन भेरौड़ा सपोर्टिंग क्लब वसेर्स जीआर 39 के बीच फाइनल मैच खेला गया। एक 90 मिनट के इस टूनार्मेंट में दोनो टीमों अच्छा प्रदशर्न कर एक दुसरे को पुरे समय में कडा मुकाबला पहले हाफ मे 28 वें मिनट पर भेरौड़ा सपोर्टिंग क्लब की टीम के खिलाडी थ्योरी ने एक गोल मारा। दूसरे हाफ में जीआर 39 के खिलाड़ी परागेस ने एक गोली मारकर अपनी टीम को बराबर पर ले आई अंत तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पाई जिससे कमेटी द्वारा ट्राइवेकर में 7–6 जीआर 39 की टीम विजयी हुई। इस दौरान दर्शकों को काबू करने के लिए पुलिस ने लाठियों का सहारा लेना पड़ा। मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा ने रविवार को महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूनार्मेंट फाइनल मैच के दौरान कहा कि खेलों से प्रतिभाओं में निखार आता है और प्रतियोगिताओं को आगे बढ़ने का हौसला मिलता है और शरीर स्वस्थ रहता हैं। इस मौक पर महामंत्री सूनील बत्रा, विकास मिश्रा, धीरेंद्र मिश्रा, टिंकू बत्रा, अशोक वर्मा, अनुराग पुरवार राज राजेश्वर सिंह, जोगेंद्र शाक्य, राजेश गुप्ता सहित सभी सिंगाही के खेल मैदान के मैच का आनन्द लिया।

# आयुक्त आगरा ने निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में अधिकारियों और राजनैतिक पदाधिकारियों के साथ की बैठक




भारत निर्वाचन आयोग दिनांक 1.1.2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में रोल प्रेक्षकध्आयुक्त आगरा मंडल आगरा अमित गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारी एवं राजनैतिक पदाधिकारियों के साथ बैठक ली ।बैठक में विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बंध सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने–अपने क्षेत्र मे समस्त बूथ स्तर अधिकारी की समीक्षा करें और विशेष अभियानों में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करते हुए उनका पंजीकरण करवाएं। आयुक्त अमित गुप्ता ने निर्देश दिए कि बूथ स्तर अधिकारी घर–घर जाकर निर्वाचन कार्यों में तेजी लाए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, खंड विकास अधिकारियों एवं खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्रों मे चुनाव साक्षरता क्लब एवं चुनाव पाठशालाओं का गठन करें और अधिकाधिक लोगों को जागरूक करने में इनका सहयोग लें। समस्त संस्थाओं, स्कूलों, कॉलेजों आदि के माध्यम से निर्वाचन कार्यों में प्रगति लाएं। उन्होंने विधान सभावार जेंडर रेश्यो की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि महिलाओं को जागरूक करते हुए उनका पंजीकरण करवाएं। 18 वर्ष की आयु वाली लड़कियों एवं नई विवाहित लघ्डकियों को चिन्हित करें और उनको पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित करें। आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी उप जिलाधिकारी बूथ स्तर अधिकारी के रजिस्टर का अवलोकन प्रतिदिन करें, उनके द्वारा किए गए सर्वे रजिस्टर को देखें और फीडिंग के कार्यों को वेरीफिकेशन के साथ शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने स्वीप के संबंध में जानकारी प्राप्त की जिसमें स्वीप कोऑर्डिनेटर पल्लवी सिंह ने अवगत कराया कि पूरे जिले के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में जागरुकता अभियान चल रहे है, नए पंजीकरण हेतु सभी बच्चों को बताया जा रहा है, पोस्टर, स्लोगन, वाद–विवाद आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। आयुक्त अमित गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मलिन बस्तियों, ईट भट्टों आदि क्षेत्रों मे चौपाल के माध्यम से जागरूकता लाई जाए। बैठक में जिलाधिकारी पुलकित खरे, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दूबे, पुलिस अधीक्षक नगर एमपी सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सौरभ दुबे, सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, समाजवादी से मनोज कुमार यादव, सीपीआई से टीकेंद्र सिंह, रालोद से अभिषेक सिंह तथा बसपा से विवेक सिंह मौजूद रहे। बैठक के पश्चात मंडलायुक्त, जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत 20 नवंबर को चल रहे विशेष अभियान के सम्बंध में विभिन्न मतदेय केंद्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बी. एस.ए कॉलेज मथुरा, आचार्य चरण महाप्रभुश्री मद बल्लभ उ0मा0 विद्यालय औरंगाबाद, न्या0प0 स्तरीय प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद, श्री गुरु कार्ष्णि इण्टर कॉलेज महावन का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रों पर उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी ली कि आज कितने लोगों द्वारा केंद्र पर आकर दावे ध आपत्तियां दिए गए है। उन्होंने विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया और समस्त आए हुए लोगों के नाम, नंबर आदि को क्रम से फीड करने के निर्देश दिए। विशेष अभियान में बूथों पर तैनात बीएलओ एवं पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्रों) पर तैनात पदाभिहित अधिकारी प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक उपस्थित रहकर अर्ह नागरिकों से दावे ध आपत्तियां प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि 26 नवम्बर एवं 4 दिसम्बर को भी विशेष अभियान चलेगा।

# दो दिवसीय भ्रमण पर खीरी पहुंची राज्यपाल, अफसरों ने किया स्वागत



रविवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अपने दो दिवसीय भ्रमण के लिए हेलीकॉप्टर से जनपद खीरी पहुंची, जहां पुलिस लाइन हेलीपैड पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान विधायक सदर योगेश वर्मा एवं खीरी सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजय ने भी पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।राज्यपाल ने पुलिस लाइन में गारद की सलामी ली। इसके बाद उनका काफिला कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुआ। जहां उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में अफसरों का परिचय प्राप्त किया, जहां डीएम एसपी ने पुष्पगुच्छ देकर उनका प्रशासन की ओर से अभिनंदन किया।

राज्यपाल ने किया बीसी सखी व प्रगतिशील किसानों से संवाद'राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बीसी सखी पिंकी देवी एवं शबनम से संवाद किया। उन्होंने जाना कि उनके द्वारा कितना लेनदेन किया गया और उसके सापेक्ष उन्हें कितना कमीशन प्राप्त हुआ। वार्तालाप के दौरान पिंकी ने बताया कि उसका काम बहुत ही बेहतर चल रहा है। राज्यपाल ने कहा कि बीसी सखी समय–समय पर प्राप्त होने वाले कमीशन को चेक करते रहें। अपने इस काम को जारी रखते हुए आगे बढ़े। इसके बाद उन्होंने तथास्तु एफपीओ प्रतिनिधि प्रहलाद वर्मा से संवाद किया। राज्यपाल के पूछने पर उन्होंने बताया कि 706 किसान उनके इस एफपीओ से जुड़े है। जिसमें 256 महिला किसान शामिल हैं। सरकार से काफी सहायता मिली है। ध200 लाख वार्षिक टर्नओवर है। वह गेहूं के बीज तैयार करने का काम में लगे है। राज्यपाल ने कहा कि रोटी के आटे में अन्य खाद्यान्न मिलाकर कई प्रोडक्ट तैयार करें और आगे बढ़े। आप अच्छा काम कर रहे है। प्रगतिशील किसान यदुनंदन पुजारी ने बताया कि कृषि विविधीकरण का काम न केवल स्वयं करते हैं बल्कि लोगों को भी प्रशिक्षण देने का काम में लगे है। प्रगतिशील किसान अचल मिश्रा ने गन्ना खेती के बारे में अपने अनुभव बताएं। वर्तमान में प्राकृतिक गुड बनाने के काम में लगे हैं। गुड वाला के नाम से प्रोडक्ट भी लांच किया। लगातार दो बार यूपी सरकार ने गन्ना उत्पादन में सर्वश्रेष्ठ उत्पादन हेतु सम्मानित किया। प्रगतिशील किसान बबीता देवी ने बताया कि वह जैविक खेती से लहसुन पैदा करके उसका अचार बनाने के काम में लगी है। इस कार्य में 300 महिलाएं उनसे जुड़ी हैं। प्रगतिशील किसान कमलजीत ने केला, लीची उत्पादन में तकनीकी इस्तेमाल से फुली ऑटोमेटिक पर खेती का काम कर रहे हैं। तपन कुमार विश्वास ने गो आधारित प्राकृतिक खेती करते हुए जीवामृत, घनजीवामृत बनाने का काम किया।

# तमन्चां व कारतूस के साथ धराए तीन बदमाश, गये जेल




कोतवाली पुलिस को तीन शातिर बदमाशो को मय तमन्चो व कारतूसो के साथ दबोचने मे सफलता मिली है। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल को रविवार की तडके मुखबिरी सूचना मिली कि धधुआ गाजन के समीप एक अल्टो कार पर तीन संदिग्ध लोग मौजूद हैं। सूचना मिलते ही कोतवाल भारी फोर्स के साथ धधुआ गाजन मोड पहुंचे तो अल्टो पर सवार बदमाश पुलिस को देख मिश्राइनपुर महिमापुर की तरफ से घुइसरनाथ रोड की तरफ कार लेकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा जारी रखा तब तक अमावां के समीप बैरियर के पास तीव्र गति से भाग रही अल्टो अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे गडढे मे गिर गयी। पुलिस ने बदमाशो को दबोच लिया। पकडे गये बदमाशो में सांगीपुर थाना के शुभम वैश्य पुत्र मेवालाल सांगीपुर बाजार तथा यहीं के सुनील कुमार वैश्य उर्फ लवली पुत्र शारदा प्रसाद तथा लीलापुर थाना के घूरीपुर हण्डौर निवासी इंद्रमणि सिंह के पुत्र संतोष सिंह की तलाशी ली गयी तो इन आरोपियो मे से दो के पास से अलग अलग तमंचे व तीसरे आरोपी के पास से कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर दोपहर बाद जेल भेज दिया। बदमाशो के पकडे जाने की जानकारी मिलने पर सीओ रामसूरत सोनकर भी कोतवाली पहुंचे। सीओ ने आरोपियो से कडाई से पूछताछ की तो पता चला कि यह आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक मे थे। सीओ ने लालगंज पुलिस की त्वरित कार्यवाही की भी सराहना की है।

# भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन (BYVS) के सदस्यता सिविर का पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने किया उद्घाटन

प्रतापगढ़। पट्टी के ऐतिहासिक मेले में लगें भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन (बी वाई वी एस ) के सदस्यता सिविर का पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पट्टी ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार सिंह पप्पू सिंह ने किया। तथा अतिथियों का स्वागत भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन के संरक्षक डाक्टर शैलेन्द्र योगी उर्फ योगीराज सरकार ने किया। तथा संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सक्षम योगी ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। सदस्यता सिविर का उद्घाटन करते हुए मंत्री मोती सिंह ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और समाज में युवा हमेशा से ही परिवर्तन की लड़ाई लड़ता रहा है युवा किसी भी देश की रीढ़ की हड्डी होता है। मंत्री मोती सिंह ने यह गर्व का विषय है कि पट्टी से छात्रों के लिए संघर्ष करने के भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि छात्रों की हर समस्या के समाधान के लिए भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सक्षम योगी निरंतर कार्य कर रहे हैं मै राष्ट्रीय अध्यक्ष सक्षम योगी को आस्वाशन देता हूँ कि छात्रों की किसी भी समस्या के समाधान के लिए हम व हमारी सरकार पूरी मदद करेंगी।भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन के प्रमुख कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से सक्षम सिंह योगी संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष,आदित्य प्रताप सिंह राष्ट्रीय संयोजक, आयुष तिवारी, शुभ सिंह,अश्वनी सिंह, प्रांजल सिंह, प्रथम सिंह, उत्कर्ष मिश्रा, वैभव सिंह, आयुष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का संचालन राम चरित्र वर्मा ने किया।

झुग्गी झोपड़ी
सत्वाधिकार, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार यादव द्वारा रमा प्रिंटिंगप्रेस 53/25/1ए, बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित रहीमाबाद पोस्ट कटहुला गौसपुर जिला प्रयागराज तहसील सदर से प्रकाशित
सम्पादक
संजय कुमार यादव
RNI No.: UPHIN/2015/63182
दूरभष : 0532–2618074
मोबाईल : 9918366626
डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23
e-mail: Jhuggijhopari@gmail.com
Website- www.Jhuggijhopari.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदाई तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा